हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 13 जुलाई 2024



## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नातोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 7697212782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024

फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



Advt.

# दुर्ग का कचरा लाकर नांदगांव के गांव में फेंका, एसडीएम ने जब्त किया ट्रक

## दुर्ग नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुर्ग शहर का कचरा नांदगांव के एक गांव के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। बीते कुछ दिनों से दुर्ग शहर से निकलने वाले कचरे को हाईवा ट्रक के जरिये लाकर जिले के गांव बघेरा में डंप किया जा रहा था। इसकी शिकायत के बाद शुक्रवार को एसडीएम राजनांदगांव ने मौके में दस्तक देकर कार्रवाई की है। मौके पर पकड़े गए कचरे सहित हाईवा ट्रक को जब्त कर दुर्ग निगम को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग नगर निगम क्षेत्र से रोजाना निकलने वाले कचरे को ठेकेदार द्वारा लंबे समय से जिले के अलग-अलग ग्रामीण इलाकों में लाकर डंप किया जा रहा था। इससे पहले वनक्षेत्र मनगटा के करीब भी ऐसे ही कचरा लाकर डंप करने की शिकायत आई थी। जबकि इस मामले में भी कई दिनों से ठेकेदार द्वारा कचरा लाकर बघेरा, परसबोड़ एवं पचपेड़ी ग्राम के इलाके में डाला जा रहा था। इसकी शिकायत के बाद जब शुक्रवार को ट्रक क्रमांक सीजी-07-सीएफ-7712 हाईवा वाहन कचरा लेकर पहुंचा तो ग्रामवासियों ने उसे रास्ते में ही रोक लिया और मौके पर एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा को बुलाया। जिसके बाद कार्रवाई की गई है। बताया गया कि इस इलाके में 20 से 25 हाईवा कचरा पहले ही फेंका जा चुका है।

### विस अध्यक्ष से होगी शिकायत

इस मामले में सफाई ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए नांदगांव एसडीएम अतुल विश्वकर्मा ने नगर निगम दुर्ग आयुक्त को पत्र भी लिखा है। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि यदि ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई तो इस मामले की शिकायत उनके द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भी की जाएगी।



### ग्रामीण थे परेशान, की थी शिकायत

ट्रक ड्राईवर ने बताया कि यह कचरा नगर निगम दुर्ग से लाया जा रहा था। यह बदबूदार कचरा लाने का काम काफी लंबे समय से चल रहा था। करीबन एक महीने पहले भी इसी प्रकार की गंदगी को दुर्ग से लाकर जंगलों में फेंकने की शिकायत सामने आई थी। ग्रामीणों के विरोध करने के बावजूद कचरा फेंकने का काम नहीं रोका गया था। खदान में भरे हुए पानी में भी कचरा डाले जाने से आसपास के हैंडपंप का पानी प्रदूषण हो गया था।जिसकी भी शिकायत मौखिक रूप से ग्रामीणों ने दर्ज कराई थी।

### नोटिस जारी

सफाई ठेकेदार द्वारा दुर्ग से कचरा लाकर डंप किया जा रहा था। ग्रामीणों की शिकायत के बाद कार्रवाई की गई है। ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी गई है। इस मामले में नोटिस भी जारी की गई है।

-अतुल विश्वकर्मा
एसडीएम

## डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे सुदेश

# भाजपा का अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त कांग्रेस की जीत, जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर आसीन कांग्रेस नेता सुदेश मेश्राम के खिलाफ भाजपा द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव मतदान के साथ ही फेल हो गया। परिणाम आते ही कांग्रेस ने जहां जश्न मनाया। वहीं भाजपाईयो के चेहरे मायूस दिखाई दिए। इस पूरे मामले में भाजपा की जमकर किरकिरी भी हुई।

भाजपा की सरकार आने के बाद भाजपा के 12 पार्षदों के साथ 2 निर्दलीय पार्षदों के समर्थन के एवज में आज नगर पालिका में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए मतदान की प्रक्रिया निर्धारित समय अनुरूप दोपहर 12 बजें शुरू हुई। अनुविभागीय अधिकारी एवं रिटर्निंग अफसर एलके वर्मा के तहत पूरे निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न कराने सफल रहे। दोपहर 11 बजे से दोनों दल के पार्षदों को तगड़ी सुरक्षा के बीच नगर पालिका लाया गया। कांग्रेस के 8 पार्षदों सहित भाजपा के 12 पार्षद और 2 निर्दलीय पार्षदों को मिलाकर 14 पार्षदों को दोनों ही पार्टी ने घेराबंदी कर नगर पालिका पहुंचाया। अविश्वास प्रस्ताव के लिए हुए ▸▸ शेष पेज 12 पर

### दोनों दलों में क्रॉस वोटिंग

अविश्वास प्रस्ताव में कांग्रेस और भाजपा पार्षदों द्वारा क्रॉस वोटिंग किए जाने की भी चर्चा जोरों पर है। बताया जाता है कि कांग्रेस के नौ पार्षदों में से कांग्रेस के आठ पार्षदों ने अपना समर्थन दिया। वहीं एक पार्षद ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया। वहीं भाजपा के दो पार्षदों द्वारा कांग्रेस के पक्ष में वोटिंग किए जाने की चर्चा है।



### कांग्रेस में जश्न, सदमें में भाजपाई

कांग्रेस खेमे से जिला अध्यक्ष गुलाब यादव, पूर्व उर्जा मंत्री धनेश पटिला, प्रदेश कांग्रेस सचिव संध्या देशपांडे, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, थानेश्वर पटिला, प्रदीप शर्मा, धीरज मेश्राम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजयराज चौहान सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता डटे रहे। इधर भाजपा से चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला महामंत्री रविन्द्र वैश्णव, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, भाजपा के चुनाव संचालक सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, हरविंदर सिंग मंगे, परविंदर सिंग मोंटी, अमित जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### भाजपा ने दर्ज की आपत्ति

भाजपा नेताओं ने एक तिहाई बहुमत के आधार पर अविश्वास प्रस्ताव पर भाजपा की जीत को लेकर निर्वाचन अधिकारी के पास एक लिखित आपत्ति दर्ज कराई है। नगर पालिका क्षेत्र में 24 वार्ड के तहत कांग्रेस के एक पार्षद के निधन के बाद 23 पार्षदों के अनुपात के अनुरूप 15 पार्षदों के समर्थन के बाद भाजपा के अध्यक्ष पद से हटाने कुछ कानूनी प्रक्रिया को प्रतिशत के आधार पर रखा, जिसे निर्वाचन अधिकारी ने सिरे से खारिज भी कर दिया। हालांकि उन्होंने भाजपा द्वारा की गई आपत्ति को लेते जिला कलेक्टर के नाम से स्वीकार भी किया है।

# सौ कर्मचारियों की तैनाती फार्मूला भी फेल, तीन दिनों से सफाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सफाई ठेके के टेंडर के निरस्त होने के बाद चरामराई व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर निगम ने सौ कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर काम पर एक महीने के लिए रखा था। इस निर्णय के बाद माना जा रहा था कि सफाई को लेकर बनी स्थिति जल्द ही सुधर जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। पिछले तीन दिन से शहर के अधिकांश इलाकों में सफाई व्यवस्था ठप रही है, केवल नियमित कर्मचारियों के भरोसे ही शहर में सफाई का जिम्मा संभाला जा रहा है।

दरअसल मिली जानकारी के अनुसार सात जुलाई को एक आदेश जारी कर अस्थाई व्यवस्था के तहत सौ कर्मचारियों को काम पर रखा गया था। ये वहीं कर्मचारी थे, जो पहले ठेका पद्धति के तहत वार्डों में सफाई का जिम्मा संभाल रहे थे। ऐसे में अन्य दो सौ कर्मचारियों द्वारा इन कर्मियों को भी काम करने से मना किया जा रहा है। बताया गया कि सभी तीन सौ कर्मचारी चाहते हैं कि उन सभी को काम पर एक साथ रखा जाए। इसको लेकर बीते दिनों उन्होंने निगम परिसर में धरना प्रदर्शन भी किया था। ऐसी स्थिति में अब सफाई की व्यवस्था ही बदहाल हो गई है।



### महीने का साढ़े 12 लाख आता खर्च

एक जुलाई को एमआईसी बैठक में सफाई ठेके को लेकर किए गए टेंडर को निरस्त किए जाने के बाद 27 वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई थी। ऐसे में निगम ने अस्थाई व्यवस्था के तहत 100 कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर एक महीने के लिए काम पर रखा था। मौजूदा समय में करीबन 409 रुपए कलेक्टर दर है। ऐसे में निगम पर इन सौ कर्मचारियों के बदले महीने का सवा बारह लाख रुपए का भार आता।

### इन वार्डों में ठेके के तहत सफाई

मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्र. 1, 4, 6, 7, 8, 10, 13, 15, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 32, 33, 35, 39, 40, 41, 42, 44, 46 के साथ ही वार्ड क्रमांक 51 के लिए सफाई की व्यवस्था ठेके पर दी जाती है। ऐसे ही बाजार इलाके में रात्रिकालीन एवं हॉट बाजार की सफाई के लिए भी ठेका किया जाता है। इन इलाकों में ही सफाई व्यवस्था सर्वाधिक प्रभावित हुई है।

## माय एंगल



# सड़क पर ही बिठाए जा रहे बसों में सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की सड़कों पर ही यात्री वाहनों में सवारियां बिठाने और उतारने से लगातार सर्विस लेन में यातायात का दबाव बन रहा है। जिसके चलते आवागमन कर रहे आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ जाता है। दोनों बस स्टैंड के पास आए दिन इस तरह की स्थिति निर्मित हो रही है। ज्ञात हो कि शहर में नया व पुराना दो बस स्टैंड हैं, जहां से बस यात्रियों को बिठाकर गंतव्य स्थान की ओर रवाना होती है, लेकिन देखने में आ रहा है कि नए व पुराने बस स्टैंड परिसर से बाहर सर्विस लेन में भी बसों को रोककर यात्रियों को बिठाया जा रहा है। वहीं सर्विस लेन में भी कई जगह वाहनों को रोक-रोककर सवारियां कराई जा रही है।



### अव्यवस्था का आलम

इस स्थिति के चलते सर्विस लेन में कई बार यातायात का जबर्दस्त दबाव व अव्यवस्था का आलम बना रहता है। शहर के आरके नगर तिराहा के पास से लेकर नेहरू नगर तक सर्विस लेन में यही हाल बना रहता है। कई बार सड़क पर यात्रियों को बिठाने के चलते पीछे वाहनों की कतार भी लग जाती है। वहीं दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है। इधर खैरागढ़ रोड से लेकर गठुला तक एवं नंदई चौक से लेकर महामाया चौक तक भी इस तरह का वातावरण आए दिन निर्मित रहता है।

# जिले में अमानक कीटनाशक औषधि के विक्रय पर प्रतिबंध

**राजनांदगांव।** जिले में क्रॉपराईस एग्रोकेम लिमिटेड मुम्बई द्वारा निर्मित कीटनाशक औषधि एथियोन 40 प्रतिशत एवं सायपर मेथ्रिन 5 प्रतिशत ईसी का अमानक घोषित होने पर जिले में भंडारण व विक्रय करने पर तत्काल प्रतिबंध कर दिया गया है। अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पांडेय ने बताया कि क्रॉपराईस एग्रोकेम लिमिटेड मुम्बई द्वारा निर्मित कीटनाशक औषधि एथियोन 40 प्रतिशत प्लस सायपर मेथ्रिन 5 प्रतिशत ईसी का नमूने शिव कृषि केन्द्र मोहारा डोंगरगढ़ से लिया गया। नमूने को छत्तीसगढ़ राज्य कीटनाशी गुण नियंत्रण प्रयोगशाला ठेलकाडीह राजनांदगांव में विश्लेषण उपरांत अमानक घोषित किया गया। कीटनाशी अधिनियम के उल्लंघन होने पर जिले में भंडारण व विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# आंगनबाड़ी का ताला तोड़कर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र का मामला

आंगनबाड़ी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने एलसीडी टीवी सहित पेन ड्राईव की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है। ग्राम जामरी में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का गत रात्रि ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने आंगनबाड़ी में लगे एलसीडी टीवी और पेन ड्राईव को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इधर डोंगरगढ़ क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

## 12 जुलाई शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

# याद किए गए शहीद, श्रद्धांजलि सभा के साथ रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डेढ़ दशक पहले 12 जुलाई 2009 को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में राजनांदगांव के तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 पुलिस जवानों ने अपनी शहादत दे दी थी। उनकी शहादत की बरसी पर आज उन्हें नमन करने पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शहीद परिवारों को शॉल-श्रीफल से सम्मानित करते वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि इस घटना में जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र मानपुर के कोरकोट्टी, सीतागांव और मदनवाड़ा में नक्सलियों के हमले से राजनांदगांव जिले के तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 अन्य पुलिस जवानों की शहादत हुई थी। आज उनकी शहादत की 15वीं बरसी पर शहर के पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्व. विनोद चौबे की पत्नी रंजना चौबे सहित सभी शहीद परिवार के लोग शामिल हुए और शहीदों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



**रक्तदान शिविर भी :** इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी पुलिस लाइन में किया गया, जहां आईजी, एसपी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने शहीदों के नाम रक्तदान किया। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया।

### गर्व करने वाला दिन

यह दिन काफी भावुक और गर्व करने वाला दिन है। आने वाली पीढ़ी शहीदों की कुर्बानी याद रखें और अमन-शांति कायम हो।

-रंजना चौबे,
शहीद विनोद चौबे की पत्नी

### वीरता को नमन

श्रद्धांजलि सभा के आयोजन में जनप्रतिनिधियों के अलावा आईजी और पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उपस्थित दुर्ग रेंज के आईजी ने शहीद परिवार के लोगों का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर एसपी मोहित गर्ग ने कहा कि पुलिस परिवार द्वारा शहीद पुलिस जवानों की वीरता को नमन करने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। दुर्ग रेंज की आईजी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि हमारे जवानों ने जो कुर्बानी दी है, वह जाया नहीं जाएगा। नक्सलवाद का खत्मा होगा।

### प्रतिमा पर पुष्प अर्पण

शहीद दिवस के अवसर पर राजनांदगांव शहर के प्यारेलाल चौक स्थित शहीद विनोद चौबे की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पण करते उनकी शहादत को नमन किया गया। शहीद दिवस के आयोजन में शहीद परिवार के लोगों के आंसू छलक पड़े।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
- ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
- कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
- फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
- प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
- आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज

साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### विधवा को मिला जीवन साथी

**पटेवा।** समाज में काफी बदलाव आने के बाद भी विधवा विवाह को अब भी अच्छा नहीं माना जाता है जिसके चलते अनेक विधवा महिलाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस समाजिक बुराईयों को दूर करने ग्राम ईराईखुर्द का पांड़े परिवार आगे आया है। ग्राम के सुकलाल पांड़े के पुत्र का सड़क दुघर्टना में निधन होने के बाद से उसकी पत्नी दो वर्ष से ससुराल में ही रह रही थी। परिवार की सहमति से उसका विवाह कराया गया। विवाह कार्यक्रम में उपसरपंच पुसाऊ वर्मा के अलावा ग्रामीण शामिल हुए।

### नचनिया में पौधरोपण



**साल्हेवारा।** ग्राम पंचायत नचनिया में वन विभाग ने वन महोत्सव का आयोजन किया। शुरुवात में छात्राओं ने राजकीय गीत एवं छत्तीसगढ़ माता की आरती प्रस्तुत किया। इस आयोजन में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, शिक्षक, अधिकारी ,कर्मचारी आदि ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया।

### टेस्टिंग में ही उपयोग कर डाला सवा दो लाख की बिजली

# बिजली बिल के फेर में रोकी पानी की सप्लाई, ग्रामीण हो रहे परेशान

## बिल अदा करने से पल्ला झाड़ रहा ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत देवपुरा में जल जीवन मिशन के तहत पानी टँकी का निर्माण किया गया है। टेस्टिंग के दौरान ग्रामीणों को पानी मिलने लगा था किन्तु बीते 16 दिनों से लोगों को अपनी प्यास बुझाने और निस्तार के लिए हैंडपंप से पानी भरना पड़ रहा है वजह यह है कि टेस्टिंग के लिए बिजली का उपयोग किया गया था जिसका बिल करीब दो लाख है जिसे अदा करने कोई राजी नहीं है। बिजली बिल अदायगी को लेकर उपजे विवाद के बीच पानी का सप्लाई रोक दिया गया है।

जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार के जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में पानी टंकी का निर्माण कराया गया है। टेस्टिंग करते हुए बीते दिनों नलों से पानी की पूर्ति किया गया था। ग्रामीणों को लगा कि अब उन्हे पानी संकट से दो चार नही होना पड़ेगा किन्तु टेस्टिंग के दौरान की गई बिजली खपत के बिल ने ग्रामीणों को फिर 1 साल पहले वाली स्थिति में ला खड़ा कर दिया है। जानकारी अनुसार 16 महीने टेस्टिंग किया गया था जिसका बिजली बिल 2 लाख से अधिक का आया है। इस बिजली बिल को अदा करने न ठेकेदार तैयार है और न पीएचई विभाग। बिल भुगतान करने के लिए सरपंच को कहा जा रहा है किन्तु आर्थिक तंगी को देखते हुए सरपंच ने बिल अदा करने के साथ टंकी का हैंडओवर लेने से मना कर दिया है। सरपंच का कहना है कि पहले बिजली बिल अदा होने के बाद ही वह टंकी अपने हैंडओवर में लेंगे। बिजली बिल की अदायगी को लेकर उपजे विवाद के बाद पानी टंकी से पानी सप्लाई बंद कर दिया गया है।





### ग्रामीणों ने सरपंच पर लगाया आरोप

गांव की सुकृताबाई ने बताया कि बिजली बिल अधिक आने के कारण नल बंद कर दिया गया है, जिससे वह बोरिंग से पानी भरने मजबूर है। उन्होंने बताया कि बिजली बिल भुगतान के लिए लोगों से 50- 50 रुपए मांगा जा रहा है। इसी प्रकार राधा बाई ने बताया कि 2 लाख 25 हजार का बिजली बिल आया है जिसे सरपंच अदा नहीं कर रहा है जिसके कारण नल बंद हो गया है। अब वह लोग बोरिंग से लड़ झगड़ कर पानी भरने मजबूर है।

### नई पानी टंकी बोर पुराना

74.42 लाख की लागत से पीएचई विभाग ने ग्राम पंचायत देवपुरा में पानी टंकी का निर्माण किया गया है। टंकी का निर्माण हुए लगभग 16 माह हो चुका है। जिन गांव में पानी टंकी का निर्माण हुआ है वहां नया बोर खनन कराया गया है जिसके माध्यम से टंकी में पानी भरा जाता है और पानी की सप्लाई किया जाता है।देवपुरा की टंकी में 14 वे वित्त मद से कराए गए बोर से पानी भरा जा रहा है। पानी टंकी के लिए अलग से बोर खनन नहीं कराया गया है।

### पहले बिल अदा करें

सरपंच प्रतिनिधि चन्द्रकांत साहू ने बताया कि ठेकेदार पंचायत को पानी टंकी का हैंडओवर पंचायत को करना चाहता है परंतु जब तक बिजली बिल का भुगतान नहीं करेगा तब तक हैंडओवर नहीं लिया जाएगा। पानी टंकी को ठेकेदार ने बंद कर दिया। बिजली बिल पटाने के एवज में ग्रामीणों से पैसों की मांग करने का आरोप बेबुनियाद है।

### अनुबंध के अनुसार काम

ठेकेदार विवेक शुक्ला ने बताया कि अनुबंध और स्टीमेट के अनुसार ही कार्य किया गया है। पीएचई के ईई एसपी सोनवानी ने बताया कि जिन जगहों पर पहले से बोर था वहां नए बोर खनन का स्टीमेट नही बनाया गया है। बिजली बिल की भुगतान को लेकर ठेकेदार और सरपंच के बीच सामंजस्य बनाकर जल्द ही पानी सप्लाई आरंभ किया जाएगा।

## तप रहा आषाढ़ मास झुलस रही फसल



**सड़क अतरिया।** अषाढ़ माह इस बार सूखा गुजरता नजर आ रहा है। फसल बुआई के के लिए किसानों को आषाढ़ माह में झमाझम बारिश होने की उम्मीद रहती है किन्तु माह के खत्म होने के एक सप्ताह पहले तक लोगों को तेज गर्मी से जूझना पड़ रहा है। बारिश नहीं होने से कृषि कार्य पिछड़ते नजर आ रहा है। जिन फसलों की बोआई हो चुकी है वह तेज धूप के चलते झुलसने लगी है। किसानों की मानें तो दो चार दिनों में बारिश नही हुई तो फसल काफी प्रभावित हो जाएगी। क्षेत्र में कही खंड तो कहीं अल्प वर्षा देखा जा रहा है। जलाशय में भी पर्याप्त जल भराव नहीं होने से नहरों से भी किसानों को पानी नहीं मिल है। बारिश की दगाबाजी के चलते किसानों की परेशानी दिनों दिन बढ़ते जा रही है। दूसरी ओर जिन किसानों ने बोता एवं ओन्हारी पद्धति से धान की बोआई किया था उसका भी अब तक अंकुरण सही तरीके से नहीं हुआ है। अंकुरण के नहीं होने से किसानों को दोबारा बुआई करना पड़ सकता है।

### बीमारी पसार रही पैर

बारिश में कमी और उच्च तापमान के चलते फसल में बीमारी पैर पसारने लगी है। पौधों की बढ़वार रूक गई है। पौधे पीले होकर झुलस रहे हैं। गर्म मौसम को देखते हुए किसान दवा का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं।

### दम तोड़ रहे बोर

अषाढ़ माह के अंतिम दिनों में बारिश नहीं होने से क्षेत्र में बोर की स्थित खराब होने लगी है। जल स्तर में कमी के चलते बहुत से बोर दम तोड़ चुके है। बोर के जल में लगातार कमी देखने मिल रही है। कृषक बोर के माध्यम खेतों में पानी भरकर धान की रोपाई कर रहें परन्तु बारिश के अभाव में खेत पौधा रोपण के बाद सुखे नजर आ रहे है। तालाब, नदी, नाला भी सुखे है।

## सार समाचार



### पौध संरक्षण का संकल्प

**डोंगरगांव।** ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम बम्हनीभाटा में ग्रामीणों को बिगड़ते पर्यावरण संतुलन और साल दर साल कम होती बारिश से उत्पन्न संकट से अवगत कराने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के समीप आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य बीरेंद्र साहू ने कहा कि मौजूदा समय में व्याप्त जल संकट को देखते हुए पौधे और जल संक्षण की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किया गया तो दस साल बाद लोगों को हवा और पानी के लिए मोहताज होना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि वृक्ष कम होने के साथ बारिश भी कम होने लगी है जिससे अकाल जैसी स्थिति बनते रहती है। उन्होंने सभी से पानी का कम से कम उपयोग करने के साथ ऐसी संरचना करने पर जोर दिया जिसमें बारिश के पानी का संचय किया जा सके। इस मौके पर ग्राम की 200 से अधिक महिलाओं ने विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाने के साथ उन्हें संरक्षत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर संतराम, पूनाराम कन्नौजे आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### शिक्षक के लिए बीईओ दफ्तर पहुंचे ग्रामीण



**डोंगरगांव।** ग्राम सांगिनकछार की प्राथमिक शाला में विगत दो वर्षों से शिक्षक का अभाव है। कुछ दिन पूर्व शिक्षक की व्यवस्था के संबंध में पत्र जारी हुआ था परंतु उसका पालन नहीं किया गया। शिक्षक की कमी से शाला की शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। ग्रामीणों ने इस संबंध में तीन दिवस के अंदर शिक्षक की व्यवस्था नहीं होने पर स्कूल में ताला जड़कर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कीर्तन चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम यादव, जितेन्द्र सिन्हा, सागर वर्मा, दीपक वर्मा, लोमश नेवला, गणेश्वर सिन्हा, तुलेश वर्मा, रुपचंद कंवर आदि उपस्थित थे।



### सड़क पर गहरे गड्ढे

**मुढीपार।** डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की सड़कों का हाल बुरा है। विधानसभा क्षेत्र को जोड़ने वाली सभी सड़कों पर दो फिट से अधिक गहरे गड्ढे है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। सड़क पर अगिनता गड्ढे होने के बाद भी अधिकारियों द्वारा मरम्मत कराने में कोताही किया जा रहा है जिससे आवागमन करने वाले लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। डोंगरगढ़ से खैरागढ़ रोड में ढारा से टोला गांव के आसपास सड़क पर दो फिट से अधिक गहरे गड्ढे हो गए है जिनकी मरम्मत कराना आवश्यक हो गया है। सड़क मेंटेनेंस के लिए लाखों की स्वीकृति के बाद भी मरम्मत कराने में विलंब किया जा रहा है।

### सड़कें जर्जर, आवागमन में परेशानी



**सड़क अतरिया।** यातायात को सुगम बनाने गांव गांव में पक्की सड़क बनाया गया है किन्तु सालों से मरम्मत नहीं होने से सड़कों की हालत जर्जर हो गई है। चकनार से दौजरी तक डेढ़ किलोमीटर लंबह सड़क में डेढ़ सौ से अधिक गड्ढे.हो गए हैं। कुछ गड्ढों में पानी भरा हुआ है जिससे आवागमन करने वालों की परेशानी बढ़ गई है। इसी प्रकार नर्मदा से बेलगांव, बेलगांव से संड़ी, मार्ग की हालत भी दयनीय है। ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग किया है।

### शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला खामतराई में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं जनपद सभापति केजूराम सोनबोईर ने बच्चों के पैर धोकर मुंह मीठा कराया। पुस्तक और गणवेश वितरण कर शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, ग्रामीण और स्वसहायता समूह के सदस्य सम्मिलित हुए।



### बैठक में शैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा

**डोंगरगढ़।** शाला के बेहतर संचालन के लिए बीईओ वीरेंद्र कौर गरचा एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक इनायत अली ने संकुल समन्वयकों की बैठक ली। बैठक में बीईओ ने नए शिक्षा सत्र में उत्कृष्ट परिणाम की प्राप्ति के लिए एजेण्डा वार समीक्षा किया। उन्होंने समयावधि में शाला का संचालन, किचन शेड की स्वच्छता, प्रवेशोत्सव, गणवेश एवं पुस्तक वितरण, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत सर्वे, आनलाईन पंजीकरण, शाला जतन योजना अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत कार्यों आदि की जानकारी लिया। विकास खंड स्त्रोत समन्वयक इनायत अली ने नियमित शाला अवलोकन एवं बेहतर शाला संचालन के संबंध में निर्देश एवं सुझाव दिए।



### सेवानिवृत्त भृत्य को विदाई

**खुज्जी।** उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी में कार्यरत भृत्य मिलनसिंह साहू के सेवानिवृत होने पर समारोहपूर्वक विदाई दी गई। बिदाई समारोह के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा थे।अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू ने की। शाला परिवार ने श्री साहू के सेवा कार्य, सरल स्वभाव की प्रशंसा की। शाला परिवार ने शाल, श्रीफल, सम्मान पत्र, मोमेंटो से सम्मानित करते हुए अंग वस्त्र एवं ट्रॉली बैग भेंट में दिया। इस मौके पर तीरथराम देवांगन, गजेन्द्र हरिहारनो, वसीम खान, शोभितराम साहू, मोरध्वज वैष्णव आदि मौजूद थे। अंत में शाला परिवार ने श्री साहू को बैंड बाजे के साथ घर तक पहुंचाया।

### समस्या हल करने गांव में लगेंगे शिविर

**छुईखदान।** लोगों की मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए जिले की 12 ग्राम पंचायतों में कल 13 जुलाई से 28 दिसंबर तक जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आदेश जारी कर रोस्टर के अनुसार निर्धारित तिथि को शिविर आयोजित करने निर्देशित किया है। जानकारी के अनुसार कल 13 जुलाई को ग्राम पंचायत बकरकट्टा, 27 जुलाई को देवरी में समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 10 अगस्त को धोधा, 22 अगस्त को बरबसपुर, 14 सितंबर को ग्राम पंचायत चोभर, 26 सितंबर को गातापार जंगल, 10 अक्टूबर को ग्राम पंचायत मडौदा, 24 अक्टूबर को ठाकुरटोला,16 नवंबर को ग्राम पंचायत सलौनी, 28 नवंबर को ग्राम पंचायत आमगांव, 12 दिसंबर को ग्राम पंचायत विचारपुर और 28 दिसंबर को ग्राम पंचायत पैलीमेटा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होगा।

### चन्द्रशेखर बने शाला समिति के अध्यक्ष

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला टटेंगा में अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम के तहत पहली के बच्चे को उनकी माताओं ने शिक्षिका खोमिन साहू, लिलेश्वरी भंडारी के मार्गदर्शन से अक्षरों की पहचान कराया। बेस्ट माता का ताज सविता पटेल को पहनाया गया। सर्वसम्मति से शाला प्रबंधन समिति का गठन करते हुए अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्वशा, उपाध्यक्ष वैदेश्वरी देवांगन, शिक्षाविद बुधरू यादव, सदस्य एलआर सरपा, संजय साहू, बिरेंद यादव, रिखी साहू, भगवती कौशिक, रोशन साहू, पेमिन साहू, ईश्वरी सुधाकर, लीला सुधाकर, चंद्रप्रभा सुधाकर , कामिनी निर्मलकर, त्रिवेणी गांवरे, सविता पटेल आदि का चयन किया। सभी सदस्यों ने शाला परिसर में पौधरोपण किया।



### रौशन बना सीए

**पटेवा।** ग्राम के रोशन कुमार जैन आ युगराज जैन के सीए बनने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। प्रारंभ से मेघावी रोशन ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया है।

### भाजपा राज में किसान दुःखीः बघेल

**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने मोदी की गारंटी एवं विष्णुदेव सरकार के सुषासन को ढोंग बताया है। श्री बघेल ने कहा कि राज्य के किसानों को रोपाई और बियासी के लिए खाद और यूरिया बाज़ार से लेना पड़ रहा है क्योंकि सरकार सब्सिडी में नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब 15 साल तक भाजपा की सरकार थी तब किसानों को कर्ज के कारण आत्महत्या करने जैसा कदम उठाना पड़ता है वहीं कांग्रेस सरकार ने कर्जा माफ किया और धान का समर्थन मूल्य पच्चीस सौ देकर किसानों की मेहनत का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार केवल किसानों को ठगने का प्रयास कर रही है।

### जंगलों में अवैध कटाई

**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर सेक्टर के लगभग आधा दर्जन गांवों में अवैध कटाई कर जंगल की लकड़ी खपाने की जानकारी मिली है। हाल ही में वन विभाग ने रामाटोला आरा मशीन में छापा मारकर कई घन मीटर चिरान जप्त किया था। क्षेत्र के कुछ लोग इमारती लकडियों को काटकर डंप करते है और फिर राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई के फर्नीचर बनाने वालों को बेचा जाता है। जानकार बताते है कि लकड़ी का अवैध कारोबार करने वाले पहले वन विभाग की नीलामी से लकड़ी खरीदते है और उसकी आड़ में अवैध लकड़ियों को आसपास के शहरों में सप्लाई करते हैं। जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग ने धनडोंगरी, पिनकापार, मेढा के आसपास छापामार कार्यवाही किया है।

### स्वच्छाताग्राही दीदियों का सम्मान

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने गत दिवस स्वच्छाताग्राही दीदियों को सम्मनित किया। कलेक्टर ने उन्हे प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। जानकारी के अनुसार आकाश स्व-सहायता समूह आतरगांव की दीपक बाई निर्मलकर, शैलेन्द्री भुआर्य, मणीकंचन स्व-सहायता समूह चिल्हाटी की ललिताबाई, धनकुवंर बाई को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं ग्राम को स्वच्छ रखने, ओडीएफप्लस मॉडल के स्थायित्व बनाए रखने के लिए सम्मनित किया गया।



### 1000 बच्चों का उपनयन संस्कार

**डोंगरगढ़।** श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरि तीर्थ में 11 जुलाई को समाधिस्थ 108 आचार्य विद्यासागर महाराज का 57 वाँ मुनि दीक्षा दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।चंद्रगिरी तीर्थ में विराजमान 108 मुनि आगम सागर महाराज, 108 मुनि पुनीत सागर महाराज एवं 105 एलक धैर्य सागर महाराज के सानिध्य में प्रातः शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा मंदिर से निकलकर समाधि स्थल तक गई जहां परिक्रमा लगाकर वापस मंदिर पहुँची। तत्पश्चात भगवान का अभिषेक, शांति धारा, पूजन, आरती किया गया। आचार्य श्री की भक्तिमय नृत्य के साथ पूजन हुई जिसमे 15 डांस ग्रुप ने हिस्सा लिया। दोपहर लगभग 1000 बच्चों का उपनयन संस्कार किया गया। सभी बच्चों को चांदी का ब्रेसलेट दिया गया।

### छात्रों ने किया कृषि संस्थानों का भ्रमण



**छुईखदान।** रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र छुईखदान के छात्र-छात्राओं ने अधिष्ठाता डॉ. अविनाश गुप्ता के मार्गदर्शन में विगत दिनों 0 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने दिल्ली, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश में उपस्थित कृषि अनुसंधान केन्द्रो एवं संस्थानों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने फसलों की नवीन किस्मों, नवाचार, पौधों की विलुप्त प्रजातियों के संरक्षण, आयुर्वेदिक पौधों, फलदार वृक्षों आदि की जानकारी हासिल किया। संस्थानों एवं अनुसंधान केन्द्रो के वैज्ञानिकों ने फसलों की कटाई के बाद उसे लंबे समय तक संरक्षित करने की तकनीको के बारे में बताया। भ्रमण के दौरान डॉ. अरविन्द नंदनवार, डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय आदि साथ में रहे।

### बैग, कॉपी का वितरण

**जेवरतला रोड।** कन्या शाला पिनकापार के नवप्रवेशी बच्चों को शिक्षक माधव साहू ने स्कूल बैग, कॉपी व पेंसिल का वितरण किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक विमला बोरकर, मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक एसके नुन्हारे, शिक्षक रोशन साहू, नितेश लोन्हारे, टी साहू , एके सेवता, दीप्ति महला उपस्थित थे।



### प्रवेशोत्सव में मेधावी बच्चों का सम्मान

**अंजोरा।** संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक नई पहले करते हुए संकुल के स्कूलों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल करने वाले बच्चों को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को पुस्तक, ड्रेस प्रदान कर मिठाई खिलाया गया। इस मौके पर प्राथमिक शाला कोपेडीह के योग्य श्री साहू, चंद्रहास साहू, प्राथमिक शाला धीरी की मानसी साहू, हिमांशी निषाद, देवादा की टीनम पटेल, मानस साहू, अंजोरा के लक्की साहू, डिलेश्वरी देशमुख, पूर्व माध्यमिक शाला कोपेडीह की ग्रेसी अग्रवाल, क्षमा साहू, धीरी की डिम्पल साहू, तनुजा निषाद, देवादा के कृषकुमार देवागंन, तृप्ति सिन्हा, अंजोरा की वेदिका सिन्हा, कुमकुम देशमुख, हाईस्कूल अंजोरा के भावेश सिन्हा, वेदान सिन्हा, धीरी की दामिनी निषाद, वसुधा निषाद का सम्मान किया गया। इस मौके पर लोमश देशमुख, सुधासिंह, कल्पना पटले, नेहा शर्मा, नीलिमा राजपूत, कन्हैयालाल साहू, पोसुदास मानिकपुरी, इंद्र कुमार मानिक, तुलाराम साहू, योगेश्वरी साहू, कुमुदनी डेविड, लक्ष्मीनारायण साहू, विजय ऊके, सर्या बनवाले आदि उपस्थित थे।



### सफाई कर्मियों को सुविधा देने की मांग

**डोंगरगढ़।** भारतीय सफाई कर्मचारी अखिल कल्याण संघ ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम वेंकटेशन से मुलाकात कर सफाई कर्मचारियों को मूलभूत सुविधा मुहैया कराने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ ने मैनुअल स्केवेंजर्स अंतर्गत सफाई कर्मचारियों को नियमित करने, सफाई कर्मियों में पद को पुनः जीवित करने, लार्ड पागे समिति महाराष्ट्र का नियम लागू करने, के सेवानिवृत्ति के पश्चात एक सदस्य को नियुक्ति, सफाई कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण, जाति प्रमाण पत्र के नियम का सरलीकरण करने की मांग किया गया। यह जानकारी संघ के शहर अध्यक्ष नरेश करसे ने दी।

## खबर संक्षेप

### छायादार, फलदार पौधों का रोपण

**टाटेकसा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर संजय



अग्रवाल के नेतृत्व तथा वन मंडलाधिकारी आयुष जैन के निर्देशन में वन परिक्षेत्र बाघनदी के अधिकारी कर्मचारियों ने जोब के स्कूल परिसर, पंचायत भवन, गौठान में छायादार फलदार पौधों का रोपण किया। इस दौरान रेंजर अनिल कुमार, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी आदिल अहमद, सरपंच जानकीशरण श्रीवास्तव, कुमेश्वर सेन, किशोर साहू, राकेश मेश्राम, एवन कुमार, केवल रजक, अशोक मंडावी, मायाराम, नकुल आदि मौजूद थे।

### पौधरोपण कर महत्व पर डाला प्रकाश

**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरुहाटोला में शुक्रवार को पौधारोपण किया गया।



एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में धनुषराम कंवर, संजीव चंद्रवंशी, हेमिन साकरे, बिंदा मडावी एवं बच्चों ने फलदार पौधे रोपे। प्रधान पाठक श्री कंवर ने पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डाला। पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा की शपथ दिलाया गया।

### गंदगी फैला रहे ग्रामीण

**चिचोला।** ग्राम पंचायत रंगीटोला की सड़क के किनारे गंदगी फैली हुई थी



जिसे देखते हुए कुछ माह पहले मुनादी कर मोहल्ले एवं रोड़ किनारे सफाई करने कहा गया था किन्तु लोग सफाई करने के बजाए अब भी गंदगी फैला रहा है।गंदगी फेंकने वालों से 250 रूपए जुर्माना लेने का प्रावधान होने के बाद भी लोग गंदगी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सरपंच अतीश सिन्हा ने इस संबंध में कहा कि गली मोहल्ले में गंदगी करने पर पंचायत स्तर पर कार्यवाही किया जाएगा।

### चैतराम को पीएचडी की उपाधि

**चिचोला।** दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के हिन्दी विभाग के शोधार्थी चैतराम यादव ने शोध निर्देशक डॉ. बीएन जागृत के मार्गदर्शन में



साहित्यकार डॉ.गणेश खरे के उपन्यासों में छत्तीसगढ़ का परिदृश्य विषय पर शोध पूर्ण किया। उन्हें इस शोध पर हेमचंद यादव विवि दुर्ग ने पीएचडी की उपाधि दी है। इस सफलता पर श्री यादव को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर, विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय, डा. चंद्रकुमार जैन, डॉ. प्रवीण साहू, डा. बीएन जागृत, रजिस्ट्रार डॉ. परगनिहा आदि ने बधाई दी है।

### मुख्य मार्ग पर गहरे गड्ढे, लोग परेशान

**छुरिया।** लोक निर्माण विभाग की उपेक्षा के चलते छुरिया- डोंगरगांव मार्ग जर्जर हो गया है। जगह जगह गढ्ढे होने के बाद अधिकारियों द्वारा मरम्मत कराने की दिशा में पहल नहीं किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस मार्ग पर थाना, आईटीबीपी कैम्प, रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, आईटीआई जैसे संस्थान है जिससे हमेशा यह मार्ग व्यस्त रहता है। बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। सड़क के जर्जर होने के बाद भी बीते पांच साल में मार्ग की मरम्मत तक नही किया गया है। हैरानी वाली बात यह है कि मुख्य मार्ग की दुर्दशा पर जनप्रतिनिधि मौन धारण किए हुए है जबकि बारिश होने पर सडकों पानी भर जाता है और लोगों को काफी परेशानी होती है। इसी प्रकार नगर से विघुत मंडल सब स्टेशन तक मार्ग भी काफी जर्जर हो चुका है। इस मामले को लेकर गत दिनों भाजपा के मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने लोक निर्माण एसडीओ एंव इंजीनियर से मुलाकात कर सड़क़ की दशा और होने वाली परेशानी से अवगत कराया था। अधिकारियों ने एक सप्ताह के अंदर ठीक कराने आश्वासन दिया था किन्तु अब तक सडक़ों के गढ्डों को नहीं भरा गया।

### मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेशानुसार जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत संचालित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की दुकान बंद रहेगी। इस अवसर पर मदिरा के भंडारण, परिवहन, समव्यवहार प्रतिबंधित किया गया है।

### डाक सेवाओं पर कार्यशाला का आयोजन




**छुईखदान।** रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत डाक सेवाओं पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओपी सोनवानी ने डाक के इतिहास व सेवाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि आईआर देवांगन, उप डाक अधिकारी ने सुकन्या समृद्धि योजना, पीएलसी योजना, आरएलसी, बचत खाता, आवर्ती खाता, किसान विकास पत्र आदि से अवगत कराया। डाक सहायक पंचराम कैवत्र्य ने वार्षिक बीमा योजना और उसके लाभ से अवगत कराया। पोस्टमेन गणेश धुर्वे ने बीमा और डाक योजनाओं की गणना के बारे में विद्यार्थियों को समझाया। अधिष्ठाता डॉ. एके गुप्ता भारतीय डाक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डाक सेवा भारत की सबसे पुरानी एवं व्यवस्थित ईकाई है, जो देश के दुरस्थ अंचलों को आपस में जोड़ती है। अंत में डॉ. पंकज भार्गव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर डॉ. बीएस असाटी, राजेश्वरी कुर्रे, डॉ पंकज भार्गव, डॉ. चेतना, डॉ. ओपी सोनवानी, टामिन, डॉ. एसए ढेंगे, डॉ. कन्हैयालाल, भावना, कोमल गांवरे, सुनील मधुकर आदि उपस्थित थे।

## कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही, विभागीय तैयारी कंप्लीट

# बरसों से गायब कुछ और लोगों पर गिर सकती है गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सालों से गायब शिक्षा विभाग के चार कर्मचारियों की बर्खास्तगी के बाद अब विभाग ऐसे लोगों की तलाश कर रहा है, जो लंबे समय से कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरतने नए-नए उपायों को अमल में ला रहे है। जानकारी अनुसार विभाग जल्द ही बाजार अतरिया में पदस्थ पीटीआई अनिता सिंह, जो चार साल से ज्यादा समय से बिना कोई ठोस कारण बताए गायब है उन्हें और उदान शाला में पदस्थ उर्मिला भगत, जो छै साल से ज्यादा समय से कार्य स्थल पर अनुपस्थित है उनके खिलाफ कारवाई कर सकती है। जबकि निलंबन बाद बीते दो साल से गायब शिक्षक धनजंय सिंह के घर का पता सही नही मिलने के कारण विभाग नोटिस की तामीली नही कर पा रहा है।

अनिता सिंह के मामले मे कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी को नियमतः इस पर कारवाई करने कहा जिसके बाद संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग दुर्ग को पत्र व्यव्हार कर व्यायाम शिक्षिका के विरुद्ध अनुशासनात्मक कारवाई किए जाने का निवेदन किया गया है। इसके बावजूद लंबा समय बीतने के बाद भी कोई कारवाई नहीं हुई है।

### निलंबितों के लिए निलंबन वरदान

कार्यस्थल पर गायब शिक्षकों के अलावा विभाग के लिए निलंबित कर्मचारी भी सिरदर्द बने हुए है। कार्य में लारवाही या अनुशासनहीनता के चलते दर्जनों शिक्षकों के लिए निलंबन वरदान बना हुआ है, जो विभागीय नियमों की जानकारी होने के कारण शिक्षकीय कार्य के अलावा ज्यादातर समय दीगर काम में लगा रहे है। निलंबन अवधि मे उन्हें खैरागढ़ और छुईखदान बीईओ में अटैच किया जाता है, लेकिन देखा जा रहा है कि ज्यादातर संबंधित मुख्यालय में उपस्थिति दर्शाकर गायब हो जाते है। इस अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होती है, लेकिन निलंबन आदेश और भत्ते की अलग-अलग विभागीय व्याख्या के चलते वो महीने पंद्रह मे एक दिन वहां पहुंचते है। पता चला है कि विभाग में आधा दर्जन के आसपास कर्मचारी अलग-अलग कारणों से निलंबित है और उनका निलंबन अवधि में मुख्यालय भी आदेश में तय किया गया है, लेकिन निलंबन आदेश लेकर संबंधित मुख्यालय में उपस्थिति दर्शाने के बाद से ज्यादातर दुबारा वहॉ झांकने नही गए है और हर महीने जीवन निर्वाह भत्ता पा रहे है।

### बिना उपस्थिति पत्रक जमा किए निकल रहा भत्ता

निलंबन आदेश में बकायदा संबंधित कर्मचारी का मुख्यालय तय कर उन्हें वहॉ अटैच किया जाता है जहां उपस्थिति पत्रक बनता है और संबंधित डीडीओ पॉवर वाली मूल संस्था से उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलता है, लेकिन यहॉ इस नियम का पालन नही हो रहा है। पता चला है कि अभी आधा दर्जन से ज्यादा शिक्षक काम में लापरवाही बरतने या अन्य कारणों से निलंबित है, लेकिन मुख्यालय में उपस्थिति के बाद से उनका कही अता पता नही है। मामले में छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना ने कहा कि उनके कार्यालय में हर सोमवार निलंबन बाद अटैच कर्मचारी उपस्थिति देने आते है। खैरागढ़ बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने कहा कि उनके यहॉ निलंबन बाद कौन अटैच है उसे उन्होंने अभी तक देखा नही है।

## नेशनल लोक अदालत के साथ होगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**खैरागढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आज पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिला न्यायालय राजनांदगांव अंतर्गत नेशनल लोक अदालत में व्यवहार और राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों और प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा।

लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण बड़े ही सौहार्दपूर्ण माहौल में किया जाता है। लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर अपर जिला व सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप द्वारा संबंधित न्यायाधीश, अधिवक्ताओं, विभिन्न विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधियों साथ लगातार बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, धारा-138, परक्राम्य अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों व पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाना है। इसके अतिरिक्त बैंक, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, नगर पालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएंगे, विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर लोक अदालत में उसका निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही बीएमओ डॉ विवेक बिसेन सहित मेडिकल स्टाफ की मौजूदगी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। नेशनल लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने वाले पक्षकारों, विद्युत विभाग, समस्त बैंक, बीएसएनएल विभाग, न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जो अपने स्वास्थ्य परीक्षण व उचित परामर्श स्वास्थ्य शिविर से ले सकेंगे।

## पौधा रोपने आमंत्रित किया और पहुंचने से पहले ही निकल गए

**खैरागढ़।** वन विभाग द्वारा ब्लाक के बैहाटोला में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम अतिथियों के पहुंचने से पहले ही अधिकारी निपटा कर चले गए। हरित भारत को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी की अभिनव पहल एक पेड़ मॉ के नाम जनप्रतिनिधियों के पहुंचने के पहले ही पौधरोपण कर निकलते समय गॉव की सरहद पर ही सभी के वाहनों का आमना सामना हुआ, लेकिन कोई रूका नही। जनप्रतिनिधि वहां पहुंचे, तो वनकर्मियों के अलावा एसडीओ मोना माहेश्वरी ही वहॉ मिली जबकि जिला भाजपाध्यक्ष के नाम पट्टिका को छोड़ सारे अतिथियों की पट्टिका वाली जगह में अधिकारियों ने ही पौधा रोप दिया।

गौरतलब है कि वन विभाग ने बकायदा आमंत्रण पत्र छपवाकर विधायक यशोदा वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, जिपं सभापति विप्लव साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह सहित जनपद सदस्य शैलेंद्र मिश्रा, पारखदास कोसरे व ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को अतिथि बनाया था, लेकिन कार्यक्रम के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई। कार्यक्रम में अव्यवस्था का आलम ऐसा रहा कि स्कूल परिसर के गैलरी में ही पांच, सात कुर्सियां रख दी गई। कोई पंडाल नही लगाया और विधिवत कार्यक्रम नहीं हुआ। आधा घंटे लेट पहुचे अतिथियों के पहले ही कार्यक्रम स्थल से कलेक्टर, एसपी और डीएफओ पौधारोपण कर निकल गए। मौके पर पहुंचे जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू ने पौधारोपण किया पर कार्यक्रम की खानापूर्ति पर खासी नाराजगी जताई। कार्यक्रम में केवल वनविभाग के अधिकारी कर्मचारियों हाईस्कूल के कुछ शिक्षक ही मौजूद थे, सरंपच के अलावा गांव के किसी को आमंत्रित नहीं किया था।

### प्रकृति को सहेजना समय की मांग

बैहाटोला में एक पेड़ मॉ के नाम थीम पर आयोजित वन महोत्सव मे कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल, डीएलओ आलोक तिवारी सहित अन्य में पौधरोपण किया। प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए पौधरोपण के महत्व सहित ग्लोबल वर्मिंग की समस्या से निजात पाने पौधरोपण जरूरी के संबंध में जनसामान्य को जागरूक होने की अपील साथ कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा में कहा की पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए अभियान में सभी की सहभागिता जरूरी है। सभी पौधे लगाएं और देखभाल साथ सुरक्षा भी करें।

### अधिकारियों को जमकर लताड़ा

नाराज जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू ने कार्यक्रम को विभाग की खाना पूर्ति बताते इसे जनप्रतिनिधियों का अपमान कहा। उन्होंने मौके से ही डीएफओ आलोक तिवारी को फोन पर चर्चा कर खानापूर्ति वाले कार्यक्रम आयोजन को लेकर जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम करना था, तो जनप्रतिनिधियों को नही बुलाना था। घम्मन साहू ने कहा कि जिस जगह पर आयोजन किया गया वहॉ बाऊंड्रीवाल नहीं है। ऐसे में पौधों की सुरक्षा नहीं हो पाएगी। नाराज श्री साहू ने डीएफओ से ऐसे कार्यक्रम आयोजित नहीं करने की सलाह देते हुए पौधारोपण कार्यक्रम को केंद्र सरकार की अहम योजना बताया और इसमें अधिकारियों द्वारा पलीता लगाने का आरोप लगाया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को भी कार्यक्रम आयोजन को खानापूर्ति बताते हुए जिला भाजपाध्यक्ष ने इसे जनप्रतिनिधियों का अपमान बताया और नए सिरे से सुरक्षित जगह पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने कहा। विधायक यशोदा वर्मा के घर शादी होने, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के शहर से बाहर होने के चलते दोनों नहीं पहुंच पाए थे, लेकिन अन्य अतिथियों के पहुंचते तक कलेक्टर-एसपी साथ पौधारोपण कर डीएफओ भी निकल गए जिसके चलते जनप्रतिनिधियों में नाराजगी बढ़ गई।

## आरटीई के तहत प्रवेश का दूसरा चरण 14 तक

**खैरागढ़।** निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अंतर्गत निजी विद्यालयों में प्रवेश के पहला चरण में दाखिला प्रक्रिया खत्म होने के बाद रिक्त सीटों में प्रवेश को लेकर आवेदन 14 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदन साथ संलग्न दस्तावेजों की जांच 15 से 21 जुलाई तक किया जाएगा।

लॉटरी से आबंटन 23 से 26 जुलाई तक होगा। वहीं स्कूल दाखिले की प्रक्रिया 29 जुलाई से 11 अगस्त तक किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने बताया की कमजोर दुर्बल वर्ग और असुविधा ग्रस्त परिवार, जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हैं, उनके अलावा, जो बच्चे पात्र हैं वो समय सीमा में रिक्त सीट वाली शाला में आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आयु कक्षा नर्सरी के लिए 3 से 4 साल के बीच, केजी 1 के लिए 4 से 5 साल के बीच, पहली के लिए 5 से 6 साल के बीच होना जरूरी है। आयु की गणना 31 मार्च 24 की स्थिति में की जाएगी।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन 12 पंचायतों में आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्य शासन के निर्देशानुसार जनमानस की विभिन्न मांगों, समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए जिले के 12 ग्राम पंचायतों में 13 जुलाई से 28 दिसंबर तक जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी कर रोस्टर अनुसार निर्धारित तिथि को शिविर आयोजित करने कहा है। रोस्टर अनुसार हर महीने दो शिविर आयोजित किए जाएंगे। जुलाई महीने में शनिवार 13 को छुईखदान ब्लाक के ग्रापं बकरकट्टा और शनिवार 27 खैरागढ़ ब्लाक के ग्रापं देवरी में शिविर आयोजित किया जाएगा। अगस्त में शनिवार 10 को छुईखदान के ग्रापं धोधा और गुरूवार 22 को खैरागढ़ के ग्रापं बरबसपुर में शिविर आयोजित होगा। सितंबर महीने में शनिवार 14 को छुईखदान के ग्रापं चोभर और गुरूवार 26 खैरागढ़ के ग्रापं गातापार जंगल में शिविर आयोजित किया जा रहा है। अक्टूबर महीने में गुरूवार 10 खैरागढ़ के ग्रापं मड़ौदा और गुरूवार 24 को छुईखदान के ग्रापं ठाकुरटोला में होगा। नवंबर महीने में शनिवार 16 को खैरागढ़ के ग्रापं सलोनी और गुरूवार 28 को छुईखदान के ग्रापं आमगांव में, साल के आखिरी महीने दिसंबर में गुरूवार 12 को खैरागढ़ के ग्रापं विचारपुर और शनिवार 28 को छुईखदान के ग्रापं पैलीमेटा में जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया जाना है।

### प्रचार-प्रसार पर जोर देने कहा

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जनसमस्या निवारण शिविर के सफल आयोजन को लेकर जारी निर्देश में कहा है कि शिविर स्थल पर कार्यक्रम दस बजे शुरू होगा। सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी और शिविर के आस-पास के ग्रापं से समस्त विभाग के मैदानी अधिकारी/कर्मचारी अपने क्षेत्र के ग्रामीणों का मांग /समस्याओं का प्राप्त चिन्हांकित कर संबंधित को शिविर में उपस्थित कराएंगे। शिविर आयोजन के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार जनता के बीच किया जाए। शिविर आयोजन पूर्व संबंधित तहसील/विकासखंड के सभी गांवों में तहसीलदारों द्वारा कोटवार के माध्यम से मुनादी कराया जाए व जनपद सीईओ द्वारा सचिव के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जावे ताकि जनता की भागीदारी शिविर में अधिकाधिक हो सकें। शिविर में प्राप्त आवेदनों का ब्लाक स्तरीय विभागवार रजिस्टर संधारित किया जाएगा।

### लगाए जाएंगे स्टॉल

जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का निराकरण कर उन्हें अनिवार्य रूप से निराकरण की कारवाई से अवगत कराया जाएगा इसके लिए रजिस्टर का संधारण विधानसभा क्षेत्रवार भी रखा जाए। शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने संबंधित विभाग स्टाल भी लगाएंगे। आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य संबंधी सुविधा, राशन कार्ड, आधार कार्ड, श्रम कार्ड व विभागों द्वारा वितरण की जाने वाली आवश्यक सामाग्रियों की व्यवस्था साथ संबंधित विभाग अनिवार्य रूप से शिविर में उपस्थित रहेंगे। सभी विभाग के अधिकारी निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर ग्रामीणों से आवेदन मांग शिकायत प्राप्त कर समाधान करेंगे। शिविर आयोजन के लिए जनपद सीईओ, परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन नोडल और सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

## शिक्षक समस्या निदान को लेकर आज बैठक

**खैरागढ़।** शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिले के सभी शिक्षकों की आज बैठक होगी। व्याख्याता पंचायत डॉ कमलेश्वर सिंह ने बैठक आयोजन को लेकर बताया कि शिक्षकों से संबंधित विभिन्न 17 बिदुओं पर चर्चा की जाएगी। संघ को पुनर्गठित करते हुए ब्लाक व जिला पदाधिकारियों के मनोनयन, शिक्षक संघ की नियमावली, उदेश्य, सदस्यता, सत्र 2024-25 शैक्षिक गुणवत्ता व कैलेंडर पर चर्चा, प्रतिभाशाली नवाचार गतिविधियों मे संलग्न शिक्षकों को ब्लाक जिला व संभाग स्तर पर मुख्यमंत्री, राज्यपाल, राष्ट्रपति से अलंकरण के संबंध मे चर्चा की जाएगी। इसके अलावा शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण को लेकर शिविर आयोजन, ब्लाक व जिला स्तर पर परामर्शदात्री समिति के गठन और तीन महीने के अंतराल मे विकासखंड व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बैठक आयोजित करने के अलावा शिक्षकों द्वारा रखे गए अन्य विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। डॉ कमलेश्वर सिंह सहित राजू यादव, मनोहर चंदेल, छत्रपाल सिंह, अनुराधा सिंह, मानस साहू, सुनील गुनी, अनुराग सिंह ने उक्त बैठक में अधिक से अधिक संख्या मे शिक्षकों से उपस्थिति की अपील की है।

**कक्षा 11वीं में प्रवेश, आवेदन आमंत्रित : मोहला।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी में कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए 20 जुलाई तक कार्यालयीन समय में आवेदन आमंत्रित किया गया है। कक्षा 11वीं में अनुसूचित जनजाति के 5 छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा दसवीं में मेरिट के आधार पर प्रवेश की पात्रता होगी।

### मुहर्रम पर शुष्क दिवस घोषित

**खैरागढ़।** छग शासन वाणिज्यिक कर विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी अधिकारी चंद्रकांत वर्मा ने मुहर्रम के अवसर पर बुधवार 17 जुलाई को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है।

इस दौरान जिले में स्थित देशी मदिरा दुकान सीएस 2 घघ , देशी मदिरा दुकान अहाता सीएस 2 ग-अहाता, विदेशी मदिरा दुकान एफएल. 1 घघ और विदेशी मदिरा दुकान एफएल1 ख-अहाता, देशी मदिरा दुकान सीएस-2 घघ-कम्पोजिट मुढ़ीपार, साल्हेवारा व देशी मदिरा दुकान सीएस-2 ग-कम्पोजिट अहाता मुढ़ीपार, साल्हेवारा में 17 जुलाई को सपूर्ण दिवस पूर्णतः बंद रखने शुष्क अवधि घोषित किया है। उपरोक्त घोषित दिवस में उक्त क्षेत्रों में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

न्यायालय तहसीलदार, लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

रा०प्र.क. 20406090100019 अ/21वर्ष 2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव से जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। आवेदक उमेश्वर पिता किर्तन, जाति गोंड़, निवासी ग्राम नांथूनवागांव, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव कृषक ग्राम उरईडबरी में अपने स्वामित्व में स्थित कृषि भूमि कुल खसरा नंबर 4 कुल रकबा 1.387हे. भूमि को गैर आदिवासी व्यक्ति को विक्रय करने की अनुमति दिये जाने के संबंध में आवेदक द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय, राजनांदगाँव को प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ के माध्यम से प्राप्त हुआ है, जिस पर श्रीमान कलेक्टर महोदय द्वारा आदिवासी की भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय करने के संबंध में नियमानुसार निर्धारित कंडिकाओं पर नियमानुसार जॉच कर प्रतिवेदन यथाशीघ्र प्रेषित करने हेतु आदेशित किया गया है। अतएव उक्त संबंध में आवेदित भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय किये जाने की अनुमति आवेदक को दिये जाने हेतु किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति दिनांक 19.07.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 02.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
लाल बहादुर नगर

न्यायालय नायब तहसीलदार, लाल बहादुर नगर, जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

रा०प्र.क.20240609010018 अ/21(1)वर्ष2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ से जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त। आवेदक श्री उमेश्वर आ. कीर्तन, जाति गोड़, निवासी ग्राम नाथूनवागांव, तहसील डोंगरगांव द्वारा स्वयं के स्वामित्व की आधिपत्य की ग्राम रानीतालाब, प.ह.नं. 08, रा.नि.मं. चारभांठा, तहसील लालबहादुर नगर स्थित कुल खसरा नं. 04 कुल रकबा 1.173 हे. कृषि भूमि को निवास स्थान से दूर होने से कृषि कार्य करने में कठिनाई होने तथा नया पक्का मकान बनाने हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी के पास विक्रय करने की अनुमति दिये जाने के संबंध में आवेदक द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय, राजनांदगाँव को प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में आवेदित भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय किये जाने की अनुमति आवेदक को दिये जाने हेतु किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति दिनांक 19.07.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 02.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
लाल बहादुर नगर

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

गायत्री प्रा. आई.टी.आई

ITI ▸ RAJNANDGAON

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव

81090-28740 • 89595-44444

## सार समाचार

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार कल 13 जुलाई को राजनांदगाव जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती सुषमा सावंत ने बताया कि लोक अदालत में कोई भी इच्छुक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। संबंधित पक्षों की सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत में सुनाये गए फैसलों की सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले जितनी ही अहमियत होती है और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती।

### मंडी परिसर में पौधरोपण

**राजनांदगांव।** कृषि उपज मंडी समिति बसंतपुर मंडी प्रांगण के विभिन्न जगहों पर शुक्रवार को अपर कलेक्टर एव भारसाधक अधिकारी इंदिरा नवीन सिंह मंडी के आतिथ्य में वृहद रूप से पौधरोपण किया गया। पौधरोपण में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण विशेष तौर पर किया गया। इस अवसर पर मंडी प्रभारी सचिव संतराम बोमले, मुख्यलिपिक कलाराम वर्मा, अनुभाग अधिकारी नरेश कुमार चिंडा, मंडी उपनिरीक्षक जियन वर्मा, सहदेव वर्मा, राकेश साहू, मंडी कर्मचारी तुलदास साहू, मनोज साहू मंडी रेजा तथा पूर्व पार्षद हरीश साहू एव मंडी में आए हुए किसान, हमाल समेत अन्य लोगों द्वारा पौधरोपण किया गया।



### छात्रों की समस्याओं को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** दिग्विजय कॉलेज में शुक्रवार को छात्रों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजनांदगांव द्वारा महाविद्यालय के रजिस्ट्रार को प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपा गया। अभाविप के नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय, शा. दिग्विजय महाविद्यालय में बीसीए में अध्ययन हेतु सिर्फ गणित के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है, किंतु आर्ट्स, कॉमर्स, बायो के छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। जबकि पूर्व में सभी संकायों के छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा था, इसलिए अभाविप राजनांदगांव ये मांग करता है कि बीसीए में सभी संकायों के छात्रों को प्रवेश दिया जाए।



### ठेलकाडीह में स्वास्थ्य परिक्षण शिविर 17 को

**राजनांदगांव।** समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा 17 जुलाई को दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक मॉर्डन पब्लिक स्कूल देवांगन भवन पुलिस थाना के पास ग्राम ठेलकाडीह में निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में ग्राम ठेलकाडीह एवं आसपास के ग्राम के ग्रामवासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण किया जाएगा। शिविर में विशेष रूप से पेट, आंत, लिवर, दांत मसूड़े के रोग, जबडे एवं मंह की समस्त रोग, स्त्री एवं महिलाओं से संबंधित रोग, हड्डी रोग, पथरी रोग जैसे संबंधित रोगों हेतु अनुभवी डॉक्टरों द्वारा मुफ्त परामर्श दिया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन द्वारा ग्राम ठेलकाडीह एवं आसपास के सभी ग्रामवासियों से आग्रह है कि मॉर्डन पब्लिक स्कूल देवांगन भवन पुलिस थाना के पास ग्राम ठेलकाडीह में इस मुफ्त परामर्श शिविर का अवश्य लाभ उठाएं।

### परीक्षा परिणाम में महावीर कॉलेज प्रदेशभर में अव्वल

**राजनांदगांव।** पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के अंतर्गत संचालित महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस सुंदरा राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में अध्ययनरत बीएएमएस के तृतीय वर्ष के छात्रों ने उत्तम प्रदर्शन करते विश्वविद्यालय की प्रवीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। जिसमें प्रथम रिचा पांडेय 82 प्रतिशत अंकों के साथ तथा प्रियंका बिरकुरवार 79 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में रूपाली बरमल एवं शुभांगी बरमल ने भी सांतवा एवं आंठवा स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि कॉलेज के डीन डॉ. एसके नंदा के लगातार मार्गदर्शन और अनुशासन के कारण ही कॉलेज को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के अध्यक्ष नेमीचंद पारख एवं डीन डॉ. एसके नंदा द्वारा छात्राओं को बधाई दी है। इसके अलावा महाविद्यालय के लिए यह भी गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ में संचालित अन्य 6 आयुर्वेदिक कॉलेजों की तुलना में महाविद्यालय का रिजल्ट सबसे उत्तम 96.49 रहा है। महाविद्यालय के अध्यक्ष नेमीचंद पारख ने महाविद्यालय के डीन एवं अन्य शिक्षकों को बधाई दी।





### मरकाम ने व्यक्त की शोक संवेदना

**राजनांदगांव।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मजदूर कांग्रेस (इंटक) राजनांदगांव के शहर अध्यक्ष सुरेन्द्र देवांगन के पिता के देवलोक गमन पर शोक संतप्त परिवार से प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम ने मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान शारदा तिवारी, शाहिद भाई, मेहुल मारु, कमलजीत सिंह पिंटू, कुलबीर सिंह छाबड़ा, आसिफ अली, शैलेष ठावरे, प्रियेश मेश्राम, राहुल गजभिये, जीतू सिन्हा समेत डॉ. सुरेन्द्र चंद्राकर, शिव साहू, डॉ. दीपक वर्मा, राजा देवांगन, दास बाबू, चंद्रमणि वर्मा भी शामिल थे।



## पृष्ठ 9 का शेष

### भाजपा का अविश्वास...

भाजपा और कांग्रेस के जवाबदार पदाधिकारी और समर्थक नगर पालिका परिषद के सामने डटे रहे और गहमा-गहमी के बीच हुई मतदान प्रक्रिया में भाजपा को 15 पार्षदों का समर्थन तो मिला, किन्तु कांग्रेस के 9 पार्षद होने के बाद कांग्रेस को 8 पार्षदों का समर्थन मिलने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने अध्यक्ष सुदेश मेश्राम की जीत बहुमत के आधार पर घोषित कर दी।

### भाजपा को गुटबाजी पड़ी भारी

अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के गिर जाने के पीछे भाजपा की गुटबाजी सबसे बड़े कारण के रूप में सामने आई है। यहां शीर्ष नेताओं के बीच आपसी तालमेल नहीं होने के चलते शहर का विकास काम भी अटक गया है। पिछले दिनों नगर पालिका के टेंडर को लेकर भी नेताओं के बीच खींचतान के बाद इसे निरस्त कर दिया गया था।

## शहीदों की याद में हुए विविध आयोजन

# मदनवाड़ा नक्सल घटना में शहीद जवानों को पुलिस एवं आमजनों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कोरकोट्टी में शहीद हुए तत्कालीन एसपी स्व. विनोद चौबे सहित 29 जवानों की शहादत की 15वीं पुण्यतिथि पर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में स्थापित पुलिस थानों एवं पुलिस चौकियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों ने शहादत दिवस के रूप में उनके वीरता को नमन किया।

थाना परिसर अंबागढ़ चौकी, मोहला, चिल्हाटी, पाटन, खड़गांव, गोटाटोला, औंधी, कोहका, सीतागांव, मदनवाड़ा में शहीदों को श्रद्धांजलि देने विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम थाना मानपुर में रखा गया। जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक वाईपी सिंह, आईटीबीपी 27वीं वाहिनी के सेनानी विवेक पांडेय की उपस्थिति में जिला पुलिस बल मोहला-मानपुर-अं. चौकी द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

ग्राम मानपुर के बस स्टैंड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन देवचरण पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमितनाथ योगी एवं मानपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों की उपस्थिति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल द्वारा घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। जनप्रतिनिधि भोजेश शाह मंडावी द्वारा अपने सहपाठी शहीद लोकेश छेदईया ग्राम भटगांव को याद कर 12 जुलाई की घटना को स्मारण करते अपने जीवन का काला दिन बताया। जनप्रतिनिधि राजू टांडिया द्वारा वीर शहीदों को याद कर स्कूली बच्चों को पुलिस विभाग में आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सायंकाल शाम 7 बजे वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने एवं नक्सलवादी विचारधारा के विरोध में बस स्टैंड चौक मानपुर में कैंडल मार्च निकाला गया। जिसके बाद रात्रि में मानस गान का कार्यक्रम रखा गया। शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि सभा में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर मयंक तिवारी, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, थाना प्रभारी मानपुर उप निरीक्षक रविशंकर डहरिया, थाना प्रभारी सीतागांव सउनि कुंदलाल सिन्हा, डीआरजी, आईटीबीपी एवं जिला पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी के साथ मानपुर के ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।





### मदनवाड़ा कांड : याद रहेगा वह बलिदान

15 वर्ष बीतने के बाद जिले के मदनवाड़ा क्षेत्र में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार चौबे, निरीक्षक विनोद ध्रुव, धनेश साहू सहित 29 पुलिस कर्मियों की एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान शहादत की कड़वी यादें शायद ही कभी विस्मृत हो पाएगी। नक्सल उन्मूलन की प्रक्रिया में यह बलिदान देश और प्रदेश के लिए अमिट हो गया। पुलिस की नई पीढ़ी भले ही इससे प्रेरणा ले रही है, लेकिन उस दौरान जो कुछ हुआ, उसने छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश सीमा क्षेत्र में नक्सलियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने सुरक्षा बलों को बड़ी ताकत और ऊर्जा मिली।

## पार्षद ने किया आंगनबाड़ी केंद्र में पौधारोपण



**राजनांदगांव।** राजीव नगर वार्ड क्र. 42 के आंगनबाड़ी केंद्र क्र. एक में पौधरोपण करते शासन-प्रशासन की मुहिम को आगे बढ़ने का प्रयास किया गया, जहां पांच पौधे लगाकर पांच प्रतिज्ञाएं दिलाने का कार्य भी किया गया।

पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि राजीव नगर वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र क्र. एक की सक्रिय कार्यकर्ता एवं सहायिका के माध्यम से यह आयोजन कराया गया। जिसमें वार्ड पार्षद सहित रिटायर्ड पुलिसकर्मी बिहारीलाल सेन, ताईवाड़े, संतोष यादव सहित वार्ड की महिलाएं व बच्चों की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि पांच पौधा रोपते पांच प्रतिज्ञाएं भी ली गई। जिसमें पहली प्रतिज्ञा रिटायर्ड पुलिसकर्मी बिहारीलाल सेन ने मदनवाड़ा में शहीद 29 पुलिसकर्मी सहित पुलिस अधीक्षक वीके चौबे को श्रद्धांजलि देते सदैव देशहित में कार्य करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वंदना मेश्राम ने दूसरी प्रतिज्ञा बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ को लेकर शपथ दिलाते नारी शक्ति को सशक्त किया। तीसरी प्रतिज्ञा संतोष यादव ने जल ही जीवन और जल है तो कल है के स्लोगन के साथ जन संरक्षण एवं संवर्धन के बढ़ाने दिलाई। चौथी प्रतिज्ञा नरेंद्र ताईवाड़े द्वारा दिलाई गई। जिसमें नशामुक्ति का संदेश दिया गया। पांचवी प्रतिज्ञा पार्षद ऋषि शास्त्री द्वारा पेड़ लगाओ जीवन बचाओ एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश को देते सभी को जागरूक किया।

## रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** छात्र युवा मंच द्वारा नगर निगम के सभागृह में 12 जुलाई 2009 को शहीद हुए 29 पुलिस जवानों की शहादत को नमन करने रक्तदान से जीवन का संदेश लेकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मानव सेवा और राष्ट्र भक्ति का जज्बा लिए लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया।

वीर शहीद जवानों की याद में छात्र युवा मंच द्वारा वर्ष 2012 से उनके शहादत दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम के सभागृह में आयोजित रक्तदान शिविर के माध्यम से युवाओं के साथ ही नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान करते रक्तदान से जीवनदान का संदेश दिया।

रक्तदान शिविर के आयोजन में अपना 50वां रक्तदान करते छात्र युवा मंच के प्रदेश संयोजक नागेश यदु ने कहा कि आज युवाओं को देश के लिए मरने की नहीं जीने की जरूरत है। प्रतिवर्ष रक्त की कमी के चलते सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है। रक्तदान कर जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाओं को सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया। रक्तदान शिविर के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, शरद सिन्हा, रानू जैन, पारस वर्मा सहित नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता और नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## एनएसएस छात्रों ने रंगोली से बनाया शहीद स्मारक

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शुक्रवार को शहीद दिवस के रूप में राजनांदगांव के कोरकोट्टी-मदनवाडा में हुए नक्सली हमले में शहीदों को स्मरण करते शहीद स्मारक रंगोली से बनाकर दीपक जलाकर देश भक्ति गीत के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि राजनांदगांव जिले में 2009 में कोरकोट्टी-मदनवाड़ा राजनांदगांव में नक्सलियों की सबसे बड़ी घटना हुई। जिसमें एसपी रैंक के अधिकारी तत्कालीन एसपी वीके चौबे सहित 29 जवानों ने भी शहादत प्राप्त किया। यह कुर्बानी लोगों में नक्सलवाद और समाज विरोधी कृत्य करने वालों के लिए जवाब भी था कि देश का युवा अपने देश, अपने मातृभूमि के लिए जान लेता है और जान दे भी सकता है। आज प्रदेश के युवाओं ने नक्सली हमले में शहीद जवानों को स्मरण करते उनके शहादत को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। छात्रों ने शहीद स्मारक के रूप में रंगोली बनाया। दीपक जलाकर शहीदों को देशभक्ति गीत के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने शहीदों को श्रद्धांजलि दिया और छात्रों से कहा कि देश के लिए कुर्बानी हमेशा समाज के लिए प्रेरणा देती है और वह लोगों को देशभक्ति, राष्ट्रभक्ति का संदेश देती है। समाज में कितनी भी बुराई हो ऐसी देशभक्ति के आगे वह टिक नहीं सकती। आज पूरे प्रदेश में अमर शहादत को नमन किया जा रहा है। ऐसे शहीदों को हमारा प्रणाम, जो अपनी जान तक न्यौछावर कर देते हैं। महाविद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि नक्सलियों की घटना समाज विरोधी सोच को प्रदर्शित करता है। आज महाविद्यालय में एनएसएस के विद्यार्थियों ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर उनको नमन किया। श्रद्धांजलि आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रीति इंदौरकर, राधे देवांगन, धनंजय साहू, आभा प्रजापति, मयंक देवांगन, सुमन साहू, देविका देवांगन सहित बीएड एवं एनएसएस विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## शहीद दिवस पर शिक्षा के लिए प्रोत्साहन

**राजनांदगांव।** नक्सली हमले में शहीद हुए 29 पुलिस जवानों की शहादत को नमन करते जनता कांग्रेस द्वारा राजनांदगांव शहर के शासकीय स्कूल में शिक्षा के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कॉपी और पेन का वितरण किया गया। 12 जुलाई 2009 को राजनांदगांव के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार चौबे सहित अन्य 29 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की शहादत की 15वीं बरसी के मौके पर वीर शहीदों को नमन करते हुए शिक्षा के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जनता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष समशुल आलम द्वारा शहर के शासकीय ठाकुर प्यारेलाल स्कूल में बच्चों को कॉपी और पेन का वितरण किया गया। इस अवसर पर जवानों की शहादत को नमन करने स्कूली बच्चों को कॉपी और पेन का वितरण किया गया है।

### वीर शहीदों की जयघोष

शहीद दिवस पर एसपी सहित 29 पुलिस जवानों को जनता कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने स्कूली बच्चों के साथ राष्ट्रगान के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की और वीर सपूतों की जयघोष के नारे लगाए। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के शिक्षकगण सहित अभिभावक भी उपस्थित थे।

### शहीद चौबे की प्रतिमा में पुष्पांजलि



**राजनांदगांव।** महापौर हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने ठा.प्यारे लाल चौक स्थित शहीद चौबे की प्रतिमा में उनकी धर्म पत्नी रंजना चौबे तथा पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग और पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की उपस्थिति में मदनवाड़ा में शहीद हुये पुलिस अधीक्षक स्व.श्री विनोद चौबे सहित 28 पुलिस कर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके पूर्व महापौर देशमुख पुलिस लाईन स्थित रक्षित केन्द्र में आयोजित श्रद्धांजली सभा में सम्मलित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिजनों को सांत्वना दी एवं शहीद दिवस के अवसर पर छात्र युवा मंच द्वारा नगर निगम सभागृह टाउन हॉल में आयोजित रक्त दान शिविर में रक्त वीरो से महापौर एवं आयुक्त ने मुलाकात कर शहीद जवानों के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर पुलिस जवान सहित नगरवासी उपस्थित होकर पुष्पांजली अर्पित किये।

## गुरूपूर्णिमा पर श्रीहनुमंत यज्ञ, श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 14 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




श्रीराम भक्त सेवा समिति द्वारा राजनांदगांव शहर के मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में श्री हनुमंत यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 14 जुलाई से 20 जुलाई तक किया जा रहा है। आयोजन को लेकर जानकारी देने कथा वाचक मुकुंद कृष्ण महाराज सहित कथा समिति से जुड़े पदाधिकारी ने स्थानीय प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते बताया कि दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्री हनुमंत यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

समिति के आशीष त्रिपाठी ने बताया कि श्री हनुमंत यज्ञ नेतलाल शास्त्री जो प्रयागराज में फलाहारी बाबा के नाम से प्रसिद्ध हैं, उनके मार्गदर्शन में यहां आयोजित हो रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक यह यज्ञ देश के अलग-अलग जगह पर 99 बार आयोजित हो चुका है। वहीं राजनांदगांव में यह 100वां यज्ञ होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय कथावाचक मुकुंद कृष्ण महाराज ने कहा कि पढ़ना-लिखना अच्छी बात है, लेकिन हमें अपनी संस्कृति नहीं भूलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मां पाताला भैरवी मंदिर प्रांगण में मुझे कथा कहने का अवसर मिल रहा है। जिसके लिए मैं स्वयं को धन्य मानता हूं। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को दोपहर 3 बजे भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी और वेदी पूजन किया जाएगा। इस दौरान श्रीमद् भागवत कथा आयोजन पूर्ण होने पर 21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा महोत्सव एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

शनिवार 13 जुलाई कलश यात्रा, वेदी पूजन, 14 जुलाई प्रातः हनुमत यज्ञ प्रारंभ सध्या भागवत कथा प्रारंभ, 15 जुलाई अग्नि मंथन द्वारा अग्नि प्रज्जवलित ध्रुव चरित्र, जड़भरत कथा 16 जुलाई आजामिल प्रसंग, प्रहलाद चरित्र, 17 जुलाई वमन अवतार, रामजन्म, कृष्ण जन्मोत्सव, 18 जुलाई बाललीला, गोवर्धन धारण, 19 जुलाई महारास रूक्मणि विवाह, 20 जुलाई सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष तुलसी वर्षा चढ़ोत्री, कथा विश्राम, 21 जुलाई यज्ञ हवन पूर्णाहुति गुरु दीक्षा गुरु पद पूजन, प्रसादी वितरण का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।

## पौधरोपण के लिए पौधों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- व्यापक पैमाने पर लगाए जा रहे पौधे

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधरोपण के लिए पौधों का वितरण किया जा रहा है।

जिसके तहत विकासखंड डोंगरगढ़ के शासकीय उद्यान रोपणी अछोली में आरपीवाय पोषण बाड़ी योजना अंतर्गत चयनित 350 कुपोषित बच्चों के लिए 6 फलदार पौधे, सब्जी बीज, वर्मी खाद का वितरण किया गया।

इसके तहत 2 हजार कुपोषित बच्चों के लिए पोषण बाड़ी योजना अंतर्गत 1 हजार रुपए अनुदान में सब्जी बीज, वर्मी कम्पोस्ट, फलदार पौधे तथा 1479 आंगनबाड़ी एवं 46 छात्रावास, आश्रम के लिए 4 पपीता 5 मुनगा पौधरोपण के लिए प्रदान किए गए। जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों को हरी-सब्जी एवं फल, पौष्टिक आहार में शामिल करने पोषण बाड़ी में व्यापक पैमाने पर पौधे लगाए जा रहे हैं।

## पुलिस ने गुम बालिकाओं को परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अलग-अलग गांव के 3 नाबालिग बालिका घर में किसी को बिना कुछ बताए कहीं चली गई थी। जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते तीनों नाबालिकों को रायपुर से बरामद किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना डोंगरगढ़ में 11 जुलाई को अलग-अलग दो ग्राम के 3 नाबालिग बालिका घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अलग-अलग 3 प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण के अपहृता एवं अज्ञात आरोपी के पता तलाश पुलिस कर रही थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम गठित कर नाबालिकों का पता लगाया जा रहा था। पतासाजी के दौरान तकनीकी सहयोग से अपहृत बालिकाओं का पता रायपुर में चलने से तत्काल तैयार टीम को रायपुर परिजन के साथ रवाना किया गया, जहां पुलिस टीम द्वारा रायपुर पुलिस से मदद लेकर तीनों प्रकरणों के अपहृताओं का पता तलाश किया गया। तीनों अपहृतायें एक होटल में ठहरे हुए थे, जहां से तीनों बालिकाओं को बरामद कर वापस लाया गया।

### काम ढूंढने गए थे

बालिकाओं से महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पूछताछ करने पर पढ़ाई में मन नहीं लगने के कारण व पढ़ाई करने के लिए घर में डांटने के कारण तीनों सहेली एक राय होकर कोई काम ढूंढकर काम करने के लिए रायपुर जाना बताई। किसी के द्वारा बहला-फुसलाकर नहीं ले जाना बताई व अपने साथ किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना घटित होना नहीं बताई है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, प्रधान आरक्षक नवीन कुमार क्षत्रिय, आरक्षक चंद्रप्रताप सिंह, लीलाधर मंडलोई का विशेष योगदान रहा है।

## खाद्य विभाग के अधिकारियों को उचित मूल्य की दुकानों का लगातार निरीक्षण करने के दिए निर्देश

# जिले के सभी हितग्राहियों को निर्धारित समय में राशन वितरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शुक्रवार को कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, जिला विपणन, उप पंजीयक सहकारी सेवा संस्था, जिला सहकारी बैंक और नान की संयुक्त बैठक लेकर पीडीएस में राशन वितरण, राशन भंडारण, धान उठाव के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। कलेक्टर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण और खाद्यान्न भंडारण के वस्तु स्थिति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि योजना के अंतर्गत राशन वितरण सबसे महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

जिले के वनांचल बैगा बहुला क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए सभी हितग्राहियों को निर्धारित समय में राशन का वितरण सुनिश्चित करने के कड़ी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य निरीक्षक इन क्षेत्रों में संचालित उचित मूल्य की दुकानों का लगातार निरीक्षण करें और उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा कोई लापरवाही या हितग्राहियों से गलत व्यवहार की शिकायत मिलती है, तो जांचकर उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि सभी खाद्य निरीक्षक जिले के सभी उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण करे इसके लिए खाद्य अधिकारी को खाद्य निरीक्षको का रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी उचित मूल्य दुकान में कोई समस्या आती है तो हितग्राही खाद्य निरीक्षक को सूचित करें। इसके लिए सभी दुकानों में खाद्य निरीक्षक का मोबाइल नंबर चस्पा करने के निर्देश दिए। जिससे राशन संबंधित समस्या आने पर सूचित कर तत्काल निराकरण किया जा सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे बैगा क्षेत्र जहां उचित मूल्य दुकान दूर है और राशन पहुंचने में दिक्कतें आ रही है, उन क्षेत्रों में पंचायत के सहयोग से स्थानीय स्तर पर राशन का वितरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अंत्योदय, प्राथमिकता, निःशक्तजन, एकल निराश्रित तथा अन्नपूर्णा श्रेणी के राशन कार्डधारियों को फोर्टीफाइड चांवल का वितरण किया जाता है, जो पौष्टिक होता है। उन्होंने बैगा सहित सभी क्षेत्र में फोर्टीफाइड चांवल के महत्व बताने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके लिए गांव और उचित मूल्य दुकानों में बैनर में नारा लेखन करने के निर्देश दिए।

### जिले में संचालित उचित मूल्य दुकान में राशन भंडारण की जानकारी ली



कलेक्टर श्री महोबे ने जिले में संचालित उचित मूल्य दुकान में राशन भंडारण की जानकारी ली। उन्होंने देरी से भंडारण के लिए कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उचित मूल्य दुकानों में राशन का भंडारण निर्धारित समय में होना चाहिए। हितग्राहियों को समय पर राशन मिलना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राशनकार्ड नवीनीकरण व राशनकार्ड में ई-केवायसी के कार्यों की समीक्षा की। इसके लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवीनीकरण कार्यों में तेजी लाएं इससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा। नवीनीकरण के लिए उन्हें जन-जागरूक करें।



# विकासखण्ड स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

विकासखंड स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार आयोजन वनांचल के केन्द्र बिन्दु कुई कुकदूर शासकीय हाई स्कूल परिषर मे किया गया। जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता में बालक-बालिका के तीनो वर्गों में प्रतिभागियों ने प्रदर्शन खेल प्रतियोगिता से सबको आकर्षित किया।

परंपरागत खेल कबड्डी का यह खेल-कूद दो दिवसीय खेल कौशल प्रतियोगिता में जिसमे प्रथम दिवस बालक वर्ग व द्वितीय दिवस बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने जमकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किए। विकासखंड स्तरीय इस खेल में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी जिला स्तर में अपना कौशल दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में क्षेत्र के प्रतिष्टित नागरिक, खिलाडी व पूर्व प्राचार्य शतानंद पांडेय ने खेल के शानदार खेल प्रदर्शन के लिए बधाई साथ ही साथ शासकीय सेवा से अपने अधिवार्षिकी पूर्ण करने वाले वरिष्ट पीटीआई अजीज खान व राकेश पी नाथ को उनकी सेवाओं को याद करते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह, शाल देकर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय दिवस की खेल प्रतियोगिता में बालिकाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, खंड शिक्षा अधिकारी जीपी बनर्जी, बीआरसी अर्जुन चंद्रवंशी, क्रीड़ा प्रभारी अश्वनी चंद्राकर ने प्रतियोगिता स्थल कुकदूर पहुंचकर प्रतिभागीयों का उत्साह वर्धन किया व शुभकामनाएं दी।

इस दौरान संस्था प्रमुख रमेश सिंह पोर्ते, संकुल समन्वयक सभाजीत सिंह, विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी व स्टाफ के साथ सफल आयोजन में महती भूमिका निभाई। साथ ही पीटीआई दिनेश वर्गीस, रमेश चंद्राकर, राजेश शुक्ल, महेश बरेठ, मुकेश साहू, मोहन साहू, कोमल धृतलहरे, हलधर राजपूत, राजर्षि पांडेय व ग्रामवासी तथा पालक गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### बैठक में उज्ज्वला योजन के संबंध में भी विस्तृत चर्चा कीः कलेक्टर

**कवर्धा।** कवर्धा। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि कबीरधाम जिला अंतर्गत उज्ज्वला योजना के तहत 1 लाख 25 हजार 733 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को गैस रिफिल के लिए जनजागरूक कर इसके महत्व को बताया जाए। उन्होंने धान खरीदी उठाव के संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इसके साथ ही आगामी खरीफ फसल की खरीदी की तैयारी के लिए भी बारदाना सहित उचित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

### प्रवेशोत्सव मे बच्चों को स्कूल आने की दी सीख

**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक भानपुर संकूल कोयलारी में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम पंरपरानुसार मां सरस्वती के तैलचित्र में माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजा-आर्चना की गई। वहीं छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाकर तथा पाठ्य पुस्तक सहित गणवेश वितरण किया गया। इसके बाद शैक्षिक समन्वयक भरत तिवारी, प्रधानपाठक नंदकुमार शर्मा व सिद्धराम पाटिल ने निम्न बिंदुओं पर चर्चा किया। जिसमें विद्यार्थियों को शाला में अनुशासन बनाएं रखना, शाला सुरक्षा पर ध्यान देना, छात्र छात्राओं को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना, गुणवत्ता युक्त शिक्षा देना सहित विभिन्न विषयों पर परिचर्चा की गई। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# करीब 6 माह बाद भी लाखों की चोरी करने वालों की जानकारी नहीं

- पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई कार्यवाही की गुहार।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

हाल ही में कवर्धा पुलिस द्वारा चोरी के बड़े मामले में कार्यवाही करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने और आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान, जेवरात व नगदी बरामद किए जाने के बाद अब कवर्धा के दूसरे चोरी के लंबित मामलों में भी ऐसी ही कार्यवाही की मांग प्रार्थियों द्वारा की जा रही है। इसी कड़ी में प्रार्थिया नंदनी गुप्ता पति विक्रम गुप्ता निवासी शिवाजी कॉलोनी वार्ड नम्बर 01 कवर्धा ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर अपने घर में हुई लाखों की चोरी के मामले में कार्यवाही करने और आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।

इस संबंध में नंदनी गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 05 जनवरी 2024 को प्रार्थिया अपने घर में ताला लगाकर बच्चों को स्कूल/कॉलेज की पढाई के सिलसिले में छोडनें दुर्ग गई थी और तभी 17 जनवरी 2024 को पडोसियों के द्वारा सूचना दी गई कि 16 जनवरी 2024 की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा उनके घर में चोरी कर ली गई है। घर का दरवाजा खुला हुआ है। इस सूचना के बाद उन्होने कवर्धा आकर अपने घर में देखा तो घर में रखी आलमारी से दो नग चांदी का कमरबंध, दो नग चांदी का चाबी का गुच्छा, 50 नग चांदी का बिछिया, 20 नग चांदी का सिक्का, एक-एक नग चांदी का चम्मच, गिलास कटोरी प्लेट कुल वजन 01 किलो ग्राम चांदी तथा एक नग सोने का ब्रेसलेट, 01 नग सोने का मंगलसूत्र, 02 नग सोने का अंगूठी, 01 नग सोनें का हार, 15 नग सोने का फुल्ली, 04 नग सोने का कान की बाली तथा 52 हजार रूपए नगद एवं एक 01 नग पेन ड्राईव की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा की गई थी। नंदनी गुप्ता ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट उनके द्वारा तत्काल कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 44/2024 धारा 497,380 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया था। लेकिन इस मामले में अपराध दर्ज होने के करीब 6 महिने बाद भी आरोपियों को कोई सुराग नहीं मिल पाया। ऐसे में प्रार्थिया ने पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही किए जाने और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

### क्षेत्र के ग्रामीणों को साक्षरता-सर्वे जन-जागरूकता किया जा रहा



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला में शासन प्रशासन के योजनाओं को सफल बनाने के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता (सर्वे) कार्य किया जा रहा है, जिसमें गांव-गांव जाकर सभी अशिक्षित व्यक्तिओं को साक्षरता के लिए जन-जागरूक करके प्रेरित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य न केवल बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता प्रदान करना है, बल्कि 21वीं सदी के नागरिक के लिए आवश्यक अन्य घटकों को भी शामिल करना है। जिसमें महत्वपूर्ण जीवन कौशल वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, वाणिज्यिक कौशल, स्वास्थ्य देखभाल और जागरूकता, बाल देखभाल और शिक्षा, और परिवार कल्याण सहित व्यावसायिक कौशल विकास स्थानीय रोजगार प्राप्त करने की दृष्टि से अशिक्षित व्यक्ति को साक्षरता का ज्ञान हो जाए तो उस व्यक्ति में सोचने समझने व एक-दूसरे को समझाने में आसान होगा और किसी दूसरे व्यक्ति पर आश्रित नहीं रहेगा। बल्कि अपने जीवन अपने अज्ञानता की कमी को दूर करना तथा बौद्धिक स्तर में सुधार कर स्वयं की समस्या का भी समाधान होगा तथा दूसरे व्यक्ति को भी जन जागरूक करेंगें। उल्लास नवभारत साक्षरता का कार्यक्रम अंतर्गत ब्लाक स्तर पर 50 पंचायत में आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमे कबीरधाम जिले में लगभग 33 हजार से अधिक का लक्ष्य मिला है। जिसमे एक पंचयात से 150 से अधिक व्यक्तियों का सर्वेकर ऑनलाइन फार्म भरा जा रहा है। जिसमे 15 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को जोड़ कर साक्षर बनाना है। जो व्यक्ति औपचारिक शिक्षा से किसी कारण वस वंचित हो गए हैं उन सभी व्यक्तियों का सर्वेकर उन्हें साक्षरता की मुख्य धारा में जोड़ना है। यह योजना 2022-27 तक चलेगी। इस योजना को ऑनलाइन माध्यम से स्वयंसेवा के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। जिसमें पंचायत के नोडल प्रभारी विष्णु प्रसाद चंद्राकर, ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्राकर व शिक्षिका सुश्री दीपा राठौर शिक्षिका का योगदान रहा।

# चन्द्रनाहू युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के उपक्षेत्र अध्यक्ष बने संजय चंद्रवंशी, कार्यकर्ताओं में उत्साह

- श्री चंद्रवंशी को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



सामाजिक समरसत्ता स्थापित करने व समाज को नई दिशा देने व सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु युवाओं की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण होती है। युवाओं को अक्सर भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाला माना जाता है, क्योंकि वे वर्तमान में मौजूद ज्ञान के भंडार में जोड़ने के लिए नए विचार और ऊर्जा व उत्साह और जीवन शक्ति ला सकते हैं।

इसी कड़ी में चन्द्रनाहू युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज के युवा जिलाध्यक्ष विरेन्द्र चंद्रवंशी के निर्देशन में मोहतरा उपक्षेत्र में युवा पदाधिकारी गठन हेतु बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में उपस्थित सभी सामाजिक पदाधिकारियों एवं सामाजिक गणमान्य नागरिकों ने सर्वसम्मति से संजय चंद्रवंशी को युवा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अध्यक्ष नियुक्त होने पर संजय चंद्रवंशी ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि वे सामाजिक समरसत्ता स्थापित करने एवं सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु तन-मन-धन से पूरी निष्पक्षता के साथ काम व अधिक से अधिक युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करूंगा।

उक्त बैठक में युवा जिलाध्यक्ष विरेन्द्र चंद्रवंशी, जिला महासचिव कैलाश चंद्रवंशी, व्यवस्था प्रमुख विनोद चंद्रवंशी, सचिव रोमन चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष अमित चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, संगठन सचिव मनोज चंद्रवंशी, प्रवक्ता नरेंद्र चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, लोकनाथ, बबलू, जलेश, पवन, देवीचंद, रमेश, दीपक, दीपचंद, सोनू व बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के पदाधिकारी व युवा साथी उपस्थित थे।

# यूथ क्लब कवर्धा की टीम कांवरियों के लिए करेंगें भव्य भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में श्रावण सोवार आगामी 22 जुलाई से सावन मास प्रारंभ हो रहा है सावन मास के पावन पर्व पर संस्था युथ क्लब कवर्धा द्वारा प्रत्येक रविवार को कांवरिया पदयात्रा के लिए भंडारे की व्यवस्था ग्राम समनापुर संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी भंडारा किया जाना प्रस्तावित है। इस वर्ष भंडारा दूसरे रविवार 28 जुलाई क, व तीसरे रविवार 4 अगस्त व चौथे रविवार 11 अगस्त को किया जाएगा। अतः सभी कांवरिया प्रसाद ग्रहण कर सेवा अवसर प्रदान करे तथा साथ ही साथ यदि कोई कांवरिया टीम विश्राम करना चाहे तो उनके विश्राम के लिए युथ क्लब भवन उच्च विश्राम गृह के सामने भोजली तलाब के पास निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। उक्त जानकारी युथ क्लब के अध्यक्ष बलबीर खनुजा व सचिव जसवंत छाबड़ा ने दी।

## शहर सहित क्षेत्र में गरज-चमक के साथ हुई झमाझम बारिश, किसानों व आम नागरिकों को मिली गर्मी व उमस से राहत



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित अंचल में पिछले कई दिनों से किसानों व आम नागरिकों को बारिश नही होने से भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं तेज धूप, गर्मी व उमस से किसान सहित आम नागरिक हलाकान नजर आ रहे थें। वहीं मौसम ने एक बार फिर किसानों के ऊपर कृपा व मेहरबानी के साथ शुक्रवार की शाम को गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। जिससे किसानों व आम नागरिकों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कई दिन मौसम की बेरूखी व दिन में तेज धूप के कारण किसान चिंतित व परेशान थें लेकिन शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुई शुक्रवार की शाम हल्की तेज बारिश से किसानों व आम नागरिकों को राहत मिली है।

## जहरीले मशरूम की पहचान के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

# मशरूम फायदेमंद लेकिन जहरीले मशरूम को खाने से बचेंः डॉ त्रिपाठी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में मशरूम की मांग अधिक है। एक हजार रूपए किलों तक लोग इसे खरीद रहे है, बारिश के शुरू होते ही जिले में स्थानीय मशरूम की भरमार हो जाती है। बरसात शुरू होने के साथ ग्रामीण सहित वनांचल क्षेत्रों से जहरीले मशरूम खाकर बीमार भी पड़ रहे है। ऐसे में जहरीले मशरूम की पहचान के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

प्राकृतिक मशरूम को ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्र के लोग बड़े चाव से खाते है, लेकिन ग्रामीण अंचलों में स्थानीय मशरूम की सही जानकारी नही होने के कारण कई बार लोग जहरीले मशरूम का सेवन कर लेते है।

कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बीपी त्रिपाठी ने बताया कि प्राकृतिक रूप से उगे सभी स्थानीय मशरूम खाने योग्य नही होते है, इसकी पहचान जरूरी है। मशरूम की प्रजाति, बनावट, आकार, रंग, गंध स्थान व मौसम के आधार पर पहचान की जा सकती है। मशरूम एक प्रकार का कवक होता है बरसात के मौसम में प्राकृतिक रूप से उगने वाले मशरूम दोनो ही अपने स्वाद व पौष्टिक तथा औषधीय गुणों के कारण प्रसिद्ध है। यही कारण इसकी मांग अधिक है। मशरूम प्रोटीन का एक अच्छा स्त्रोत है। इसमें 20.35 प्रतिशत प्रोटीन की मात्रा विद्यमान रहती है। इसमें विटामीन सी, विटामीन डी, पोटेशियम, फास्फोरस व सोडियम तथा सूक्ष्म मात्रा में लोहा भी पाया जाता है। जो मानसिक तनाव से ग्रसित मरीजों के लिए फायदेमंद होता है। इसमें वसा, स्टार्च, कोलेस्ट्राल की मात्रा कम होती है। डॉ बीपी त्रिपाठी ने बताया कि प्राकृतिक मशरूम एक निश्चित मौसम में ही मिलता है। जहरीले मशरूम में एक घातक एमाटॉक्सिन होता है, जिस कारण पेट में दर्द, उल्टी-दस्त, सिर दर्द व चक्कर आना तथा छोटी से लेकर गंभीर बीमारी हो सकती हैं।

### मशरूम जहरीला या नही उनकी पहचान ऐसे करें

डॉ त्रिपाठी ने बताया कि प्राकृतिक रूप से उगने वाले स्थानीय मशरूम खुखडी, पिहरी, पुटु जिनके रंग लाल, नीला, पीला, हरा, चितकबरा, बैगनी व नारंगी हो उसे खाने में प्रयोग न करे। इसके सेवन से बचने का प्रयास करें वहीं मशरूम में यदि छतरी के पास या तने में रिंग्स दिखार्द दे तो उसे न खाए, यह जहरीला हो सकता है। कई स्थानीय जंगली मशरूम से चिपचिपा पदार्थ या दूध निकलता है वो भी जहरीली हो सकता है, इसे खाने से बचें, यह सेहत खराब कर सकता है। यदि मशरूम को लंबाई में काटा जाए और कटा हुआ हिस्सा नीला हो जाए तो समझिए मशरूम जहरीला है, इसे न खाएं। खेत व जंगलों में निकलने वाले मशरूम की छतरी यदि चपटी हो तो उसे न खाएं। दलदल या गोबर में उगे खुखड़ी, मशरूम भी जहरीला हो सकता है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**निर्देश:** बैगा बाहुल्य गांवों में डायरिया, मलेरिया व मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए बनाए प्रभावी कार्ययोजना: विजय शर्मा

# उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने किया डायरिया प्रभावित ग्राम सोनवाही का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के विकासखण्ड बोड़ला के वनांचल ग्राम में डायरिया का प्रकोप फैलने और बीते बुधवार को डायरिया प्रभावित दो ग्रामीणों की मौत की खबर सामने आने के बाद शुक्रवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने ग्राम सोनवाही पहुंचकर ग्रामीणों सहित पीड़ति परिवार के परिजनों से मुलाकात की।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम सोनवाही में 10 जुलाई को हुई दो ग्रामीणों की अकास्मिक मृत्यु पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने ग्राम सोनवाही के आदिवासी बालक छात्रावास में बनाएं गए अस्थाई स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया और उपचार कराने आएं मरीजों से चर्चा की। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि वनांचल सहित मैदानी क्षेत्रों में मौसमी बीमारी, डायरिया, उल्टी दस्त और जलजनित बीमारियों का संक्रमण ना हो इसके लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने की जरूरत है।

उन्होंने कलेक्टर को वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने और और मलेरिया, डायरिया सहित मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सुदूर वनांचल क्षेत्र चिल्फी, झलमला और तरेगांव जंगल के शासकीय अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन डीएमफ़ से शीघ्र क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने वनांचल सभी गांवो में स्वास्थ्य शिविर, जल स्त्रोतो का क्लोनिएशन कराने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों से चर्चा के दौरान कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से पूरे घटना की विस्तृत जानकारी भी ली। कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि ग्राम सोनवाही में 10 जुलाई को दो ग्रामीणों की मौत हुई है। पांच ग्रामीणों की मृत्यु होने की बात सामने आई थी। इस विषय पर बोड़ला एसडीएम और सीएमएचओ को जांच और घर-घर पहुंच कर सर्वे करने के निर्देश दिए गए थे। सोनवाही में जो पांच ग्रामीणों की मौत की खबर थी, वह अलग-अलग कारणों से और अलग-अलग जगह में हुई है। सभी का मृत्यु का कारण डायरिया या उल्टी-दस्त नहीं हैं।





### विजय शर्मा ने अस्थाई स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अस्थाई स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया और उपचार कराने आएं मरीजों से चर्चा की। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि ग्राम सोनवाही में 194 घर है, जिसकी कुल आबादी 580 है। इस गांव में 12 कुंआ और 02 हैंडपंप है। एक मितानिन भी कार्यरत है। उन्होंने बताया कि बिमारी के लक्षण मिलने पर गांव में लोगों का लगातार स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। 11 जुलाई को 194 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था, जिसमें 08 लोगों का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उप स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया। इनमें 07 लोगों को मौसमी बुखार के लक्षण और 01 को उल्टी हो रही थी। जांच के दौरान 19 मलेरिया पॉजिटीव पाएं गए। इसी प्रकार 12 जुलाई को 144 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### सोनोग्राफी मशीन लगाने के डिप्टी सीएम ने दिए निर्देश

ग्राम सोनवाही की ग्रामीण महिलाओं की समस्या व मांग पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वनांचल क्षेत्र के चिल्फी, झलमला और तरेगांव जंगल के शासकीय अस्पतालों में सोनोग्राफी मशीन स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

# नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नाबालिक बालिका को बहला फुसला कर भगा ले जाने व बार-बार दुष्कर्म जैसे घिनौने अपराध को अंजाम देने वाले आरोपी और उसके 4 सहयोगियों को कुकदुर पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। इस पूरे मामले के संबंध में कुकदुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी नीलेश सोनवानी द्वारा वर्ष 2023 में नाबालिग को अपने साथ भगा ले गया था व लड़की को अपने घर में रखकर 3 से 4 दिन तक बलात्कार किया। इस अपराध में आरोपी नीलेश के साथी कार्तिक राम सोनवानी, संतोष सोनवानी, नंदलाल सोनवानी एवं भगवती मरावी ने सहयोग किया था। पुलिस ने बताया कि जब बालिका के परिजनो को इस बात की जानकारी मिली की नीलेश बालिका को भगा ले गया है तो उन्होने नीलेश के ठिकाने में पहुंचकर बालिका को वापस ले आए लेकिन सामाजिक डर व लोक लाज के भय से घटना की जानकारी किसी को नहीं दी और न ही पुलिस में आरोपी के खिलाफ को कोई मामला दर्ज कराया। बताया जाता है कि इस बात का फायदा उठाकर आरोपी नीलेश ने 8 जुलाई 2024 को लड़की को खेत में अकेला पाकर फिर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस बार परिवार डरा नही व नीलेश सहित अन्य आरोपियों की शिकायत कुकदूर थाने में कर दी। जिस पर थाना प्रभारी व्यास नारायण चुरेन्द्र ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया एवं सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्त में आए आरोपियों के खिलाफ धारा 363, 366, 342, 376(2) (एन) एवं 6 पास्को एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही को सफल बनाने में थाना प्रभारी सहित पूरी टीम ने सराहनीय योगदान दिया है।

## खबर संक्षेप



### संजय यूथ पार्लियामेंट अवार्ड से सम्मानित

**कवर्धा।** देश की राजधानी दिल्ली में यूथ पार्लियामेंट और पेड लीव पर इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के पत्रकार संजय यादव को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन 5 जुलाई को नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में किया गया। जिसमें 14 देशों के डेलीगेट्स भी शामिल हुए। वहीं यूथ पार्लियामेंट में अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करने वाले युवाओं ने अपना अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम में जनादेश फाउंडेशन द्वारा देश के अलग-अलग राज्यों में बेहतर कार्य करने वाले युवाओं को यूथ पार्लियामेंट अवार्ड से सम्मानित भी किया। इस दौरान कबीरधाम जिले में जनहित के मुद्दों को गंभीरता से उठाने वाले पत्रकार संजय यादव को भी यूथ पार्लियामेंट अवार्ड से नवाजा गया। बता दें कि पत्रकार संजय यादव पिछले 8 साल से लगातार जिले से लेकर राजधानी रायपुर में पत्रकारिता के क्षेत्र में सेवाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय से संबद्ध अग्रसेन महाविद्यालय में पत्रकारिता की पढ़ाई की है। युवा पत्रकार के इस उपलब्धि से जिले के पत्रकार जगत में हर्ष व्याप्त है।

# कांधे में कांवरिया टांगने की तैयारी में जुटे शिवभक्त

## शिवालयों में प्रथम जलाभिषेक 22 जुलाई को



- धर्मनगरी कवर्धा के हजारों शिवभक्त करते हैं कांवर यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

संस्कारधानी कवर्धा अपने स्थापत्य काल से ही धर्मनगरी के नाम से प्रख्यात है। समय-समय पर इस पावन धरा को अपने चरणरज से धन्य करने वाले स्वामी करपात्री जी महाराज सहित चारों पीठों के शंकराचार्यो तथा दिव्यसंतों ने इस बात की पुष्टि की है। कवर्धा नगरी को शिवनगरी के नाम से भी जाना जाता है। श्रावण मास के निकट आते ही समूचे जिले में शिवभक्ति की लहर हिलोरे मारने लगती है। 22 अगस्त से प्रारंभ होने वाले श्रावण मास के लिए जहां बोलबम में जाने वाले युवा शिवभक्तों के काफिले की रूपरेखा तय करने बैठक आयोजित की जाने लगी है। वहीं नगर के तमाम देवालयों में रंग-रोगन व सफाई कार्य को प्राथमिकता से किया जा रहा है। वर्षो से चली आ रही परम्परा को आत्मसात करने इस वर्ष भी जिला बोलबम समिति के तत्वाधान में नगर सहित आसपास के गांवों के हजारों शिवभक्त कांवरिया के रूप में मां नर्मदे की उद्गम स्थली अमरकंटक से कवर्धा पदयात्रा व जलाभिषेक कर भगवान आशुतोष की कृपा तथा भक्ति प्राप्त करेंगे। नगर के लगभग सभी बोलबम समितियां अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। उनके द्वारा अपने भगवा जामा, कांवर तथा मार्ग में उपयोग आने वाले सभी सामग्रियों को एकत्र किया जा रहा है। वहीं श्रावण मास को लेकर नगर के तमाम शिवालयों में रंगाई-पोताई, साफ-सफाई का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार श्रावण मास को साक्षात शिव का अवतार मानते हैं। इसलिए श्रावण मास में लोग यथा शिव शक्ति अराधना कर मनोवांछित फल प्राप्त करने हेतु प्रयासरत रहते हैं।

### करीब चार दिवसीय होती है कांवर पदयात्रा

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांवरियों द्वारा श्रावण मास के प्रथम दिवस अमरकंटक स्थित ज्वालेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर 4 दिवसीय दुर्गम यात्रा का श्री गणेश करेंगे। बोलबम का नारा बुलंद करते कांवरिया मार्ग में स्थित वनदेवों की पूजा अर्चना करते प्रथम पड़ाव गोपालपुर में विश्राम करेंगे, दूसरे दिन की यात्रा सूर्योदय के साथ प्रारंभ कर दुर्गम घुमावदार घाटियों को पारकर वनग्राम कुई कुकदूर में विश्राम करेंगे। तीसरे दिन की यात्रा जलेश्वर महादेव डोंगरिया का जलाभिषेक पश्चात पूर्ण होगा। चौथे व अंतिम दिन की यात्रा कष्ट तथा उत्साह के मिलीजुली प्रतिक्रिया के साथ खेड़ापति हनुमान मंदिर में थोड़ी देर विश्राम करेंगे। विश्राम पश्चात हर्षातिरेक से लबरेज कांवरिया बाजे गाजे के साथ बोलबम-बमबोल का नारा बुलंद करते अपने धुन में मस्त पंचमुखी बुढ़ामहादेव के दरबार में पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे। यह क्रम पूरे श्रावण मास तक चलेगा।

# पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक और शिक्षक के पद पर पदोन्नति की शिक्षकों ने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिल्हाटी

शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गत दिनो विनोद गुप्ता के नेतृत्व में शिक्षा संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर से मुलाकात कर शिक्षक से प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला तथा सहायक शिक्षक से शिक्षक के पद पर पदोन्नति की मांग रखी। इसके साथ ही वन टाइम रिलैक्सेशन के तहत संस्कृत विषय की शिक्षक पदोन्नति की लंबित प्रक्रिया पर भी चर्चा की। चर्चा के दौरान संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल को जानकारी देते हुए बताया कि, वर्तमान में प्राचार्य और व्याख्याता के पदों पर पदोन्नति हेतु प्रस्ताव 22 जुलाई तक अनिवार्य रूप से लोक शिक्षण संचनालय, रायपुर को उपलब्ध कराना है। जिसके संबंध में लगातार तैयारी की जा रही है। 22 जुलाई के पश्चात प्रधान पाठक, पूर्व माध्यमिक शाला तथा शिक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। वन टाइम रिलैक्सेशन के तहत संस्कृत विषय शिक्षक की लंबित पदोन्नति के संबंध में संयुक्त संचालक ने मामले में माननीय उच्च न्यायालय से स्टे हटाए जाने के तक पदोन्नति कर पाने में असमर्थता जताई। प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त संचालक से वर्तमान में प्रधान पाठक और शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध कराने की बात भी रखी गई जिस पर संयुक्त संचालक ने जानकारी अद्यतन होने की जानकारी दी गई जानकारियां अद्यतन होते ही प्रतिनिधिमंडल को उपलब्ध कराने का भरोसा दिया गया। संयुक्त संचालक से चर्चा के दौरान कार्यालय के सहायक संयुक्त संचालक केके शुक्ला भी उपस्थित थे तथा शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय पदाधिकारी ओम प्रकाश पाण्डेय, दुर्ग जिला उपाध्यक्ष कमल वैष्णव, श्रवण रजक, प्रदीप मंडावी, शैलेन्द्र राजपूत, रोशन साहू, अनिल श्रीवास्तव, चेतन साहू आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



### एड्स जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं छत्तीसगढ़ एड्स कंट्रोल सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बेदंरची में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत युवतियों द्वारा रंगोली के माध्यम से एड्स का प्रति जागरूकता के संदेश दिया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डिंपल पटेल और द्वितीय स्थान सुलेखा पटेल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्राचार्य कमलेश्वरी ठाकुर, शिक्षक पुष्पा मेरावी और स्वेता श्रीवास उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वंय सेवक पुनीराम यादव द्वारा किया गया।

### पौध रोपण...



**कवर्धा।** सोशल एजुकेशन एण्ड इन्वायरमेंट डवलपमेंट सोसायटी कवर्धा ने पर्यावरण संरक्षण का उठाया बीड़ा।

# नपं पिपरिया के अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जिले की नगरीय निकायों में जोड़तोड़ का खेल बदस्तूर जारी है। इसी कड़ी में कवर्धा नगर पालिका का अध्यक्ष पद कांग्रेस के हांथ से घिसने के बाद अब नगर पंचायत पिपरिया के अध्यक्ष पद की कुर्सी भी कांग्रेस के हांथ से निकल गई है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत पिपरिया के कांग्रेस समर्पित अध्यक्ष महेन्द्र कुंभकार के खिलाफ पार्षदों द्वारा लाए गए अविश्विास प्रस्ताव पर शुक्रवार को की गई मतदान की कार्यवाही में सभी पार्षदों ने हिस्सा लिया। जिसमें अविश्वास प्रास्ताव के पक्ष में कुल 11 वोट पड़े वहीं अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ मात्र 4 वोट ही डाले गए।

जिसके बाद नगर पंचायत पिपरिया के कांग्रेस समर्पित अध्यक्ष महेन्द्र कुंभकार को अपनी कुर्सी छोड़नी पड़ी।

युवाओं को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए मंच प्रदान करना

# प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कुण्डा मण्डल रहा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति की बैठक गत दिनो आयोजित की गई। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में आहूत की गई थी जिसमे प्रदेश भर से भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। वही जिला भाजपा अध्यक्ष श्री साहू के नेतृत्व प्रदेश कार्यसमिति के बैठक में शामिल हुए मंडल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर एवं जिला मंत्री ओम यदु ने बताया विगत 6 माह में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए जनहित एवं विकास कार्यों एवं विभिन्न विषयों पर व पार्टी नेतृत्व में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की डबल इंजन वाली भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आने वाले समय में प्रदेश में ऐतिहासिक कार्य होंगे। बैठक में कुण्डा भाजपा मण्डल से मुख्य रूप से जिला मंत्री भाजपा कबीरधाम द्वय ओम यदु, सुरेश दुबे, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा भुनेश्वर चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, नरेश साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सोसायटी ने रखा तीन हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सोशल एजुकेशन एण्ड इन्वायरमेंट डवलपमेंट सोसायटी कवर्धा मजगांव रोड वार्ड नम्बर 9 संस्था के द्वारा पर्यावरण के बिगडते संतुलन को देखते हुए पर्यावरण के सुधार हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संकल्प लिया गया है एवं जनसाधरण में जागरूकता लाने के लिए ग्रामिण क्षेत्रों में पौधा लगाया जाना तय किया गया है।

इसी कड़ी में पौध रोपण कार्यक्रम के तहत सोसायटी द्वारा युवाओं को पौधा वितरण कर वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया गया और पौधे की देख रेख करने का दिशा निर्देश दिया गया। सोसायटी ने पौध रोपण का लक्ष्य निर्धारित करते हुए आंवला, कटहल, जाम और आम सहित अन्य प्रताति के 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है।

जिसमें अभी तक 300 पौधों का वितरण किया जा चुका है। इन पौधों को लगाने के बाद संस्था द्वारा 1 साल तक निगरानी में रखा जायेगा जब तक पौधें कुछ बड़े न हो जाए। इस सोसायटी में शामिल युवाओं ने पौध रोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने में खासी रूचि व उत्साह दिखाया।

इस संपूर्ण कार्यक्रम में संस्था की सचिव श्रीमती शोभा मिश्रा, आशीष बख्शी और योगेश केशरवानी उपस्थित थे।